आवश्यक हैं। वर्तमान में आचार्य कुलभ की स्थापना एवं प्राचीन एवं वर्तमान की समन्वय नीति पर चलते हुए विनोबा जी ने अपने शैक्षिक दर्शन की शुरूआत की। अपने ओजस्वी उद्‌बोधन में डॉ० भारत ने बताया कि हमें आत्मसंतुष्टि के लिए आध्यात्मिक ज्ञान होना आवश्यक है। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने बताया कि भारत देश प्राचीनकाल से ही शिक्षा एवं धार्मिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा का केन्द्र रहा है। इन्होंने अपने उद्‌बोधन में बताया कि भारतीय शिक्षा प्रणाली के प्रमुख प्रयोजनों में चरित्र निर्माण, कर्त्तव्यपरायणता, आत्मानुशासन एवं परिश्रम से युक्त होनी चाहिए। शासन एवं अनुशासन में अंतर्संबंध स्थापित करते हुए उन्होंने शासन को प्राथमिकता प्रदान की।

डॉ० कविता अहलावत राजकीय महाविद्यालय, जखोली का उद्‌बोधन–

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित डॉ० कविता अहलावत ने अपने वक्तव्य को आचाय विनोबा भावे एवं उनके प्रजातांत्रिक मूल्यों पर आधारित करते हुए अपने व्याख्यान की शुरूआत की। डॉ० अहलावत ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि विनोबा भावे के मतानुसार ग्राम सभा के स्तर के सभी कार्य गाँव पंचायत के माध्यम से होने चाहिए। इसमें किसी अन्य बाहरी सत्ता का किसी भी प्रकार का कोई भी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। डॉ० अहलावत ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए बताया कि आचार्य विनोबा भावे जहाँ इस व्यवस्था के कारण केवल गाँव की विकास की रूपरेखा निर्धारित करते हैं वहीं डॉ० लोहिया इसी प्रकार के विचार एशियाई समाजवाद के लिए व्यक्त किए। डॉ० अहलावत ने कहा कि वर्तमान में भारतीय समाज एवं सामाजिक प्राणियों के मध्य जिस प्रकार विषमता, द्वेष और नफरत का माहौल व्याप्त है उस माहौल को मूलतः समाप्त करने हेतु आचार्य विनोबा भावे के विचारों को आत्मसात् करने की जरूरत है।

डॉ० सुशील कुमार भाटी, असि०प्रो०, राजकीय महाविद्यालय, पोखड़ा का उद्‌बोधन–

दो दिवसीय सेमिनार के द्वितीय दिवस में विशेष वक्ता के रूप में प्रतिभाग करने वाले डॉ० सुशील कुमार भाटी, असि०प्रो० इतिहास ने अपने विचारों के माध्यम से आचार्य विनोबा भावे के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को सिद्ध करते हुए वर्तमान स्थिति में गाँवों को कैसे समृद्ध एवं सशक्त कर सकते हैं? इस ओर अपने ध्यान को आकर्षित किया। उन्होंने कहा आचार्य विनोबा भावे ग्राम स्वराज्य के माध्यम से राजनीतिक विकेन्द्रीकरण के विचार को बढ़ावा देने के पक्षधर थे और यह भी चाहते थे कि प्रत्येक गाँव किसी अन्य पर निर्भर न रहकर स्वशासित इकाई के रूप में कार्य करे, जिसकी वर्तमान समय में अति आवश्यकता है। आचार्य विनोबा यह भी चाहते थे कि ग्राम में विभिन्न श्रोतों से होने वाली आय के संग्रह हेतु एक 'ग्राम कोष' साथ ही ग्राम स्वराज में पुलिस अथवा सेना के स्थान पर 'शांति सेना' की व्यवस्था होगी, जिसमें सर्वोदय समाज में विश्वास रखने वाले 10 लोगों को शामिल किया जाएगा, जो ग्राम में शांति व्यवस्था निर्मित करने का कार्य करेगी, जिसका वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अत्यधिक महत्व एवं योगदान है।

डॉ० सोनिका नागर, असि०प्रो०, राजनीति विज्ञान विभाग, इस्माईल (पी०जी०) कॉलेज, मेरठ का उद्‌बोधन–

डॉ० सोनिका नागर ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विनोबा भावे के उस दर्शन का वर्तमान भारतीय समाज में प्रासंगिकता को उजागर किया जो वर्तमान के समय में महिला सशक्तिकरण की नीति को सार्थक बना सकता है। डॉ० नागर ने कहा कि वर्तमान में भारत देश के परिप्रेक्ष्य में भारतीय महिलाओं की जो दुर्दशा हो रही है उसका एक प्रमुख कारण स्वयं महिलाएँ ही हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य विनोबा का मानना भी स्त्रियों का उद्धार स्त्रियों के द्वारा ही हो सकता है यह तभी संभव होगा जब स्त्रियाँ जागेंगी और स्त्रियों में शंकराचार्य जैसी कोई प्रखर ज्ञान वैराग्य सम्पन्न, भक्तिमान और निष्ठावान स्त्री होगी। उन्होंने कहा कि जब स्त्रियों का धर्म पर पूर्णरूपेण प्रभाव व्याप्त होगा तभी स्त्रियों का उद्धार होना निश्चित हो सकता है।

डॉ० मोनू सिंह, असि०प्रो० हिन्दी, राजकीय महाविद्यालय, छपरौली (बागपत) का उद्‌बोधन–

डॉ० मोनू सिंह ने अपने व्याख्यान की विधिवत् शुरूआत आचार्य विनोबा भावे के शैक्षिक दर्शन एवं प्रमुख शैक्षिक तत्वों को आधार बनाते हुए की। डॉ० मोनू ने बताया कि अपने शैक्षिक दर्शन का विश्वव्यापी रूप अपनाने के कारण ही आचार्य विनोबा भावे को भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गाँधी का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी समझा जाता है। उन्होंने बताया कि आचार्य विनोबा भावे को हम ''ज्ञान का अक्षय कोष'' कह सकते हैं क्योंकि भावे जी संत तुकाराम एवं संत ज्ञानेश्वर को अपना आदर्श स्वरूप मानते हैं। डॉ० मोनू ने अपने उद्‌बोधन में इस बात को स्पष्ट तरीके से कहा कि अगर भारत को विश्वगुरू का दर्जा प्राप्त करना है तो वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली एवं प्रमुख शैक्षिक दर्शन के आधारभूत तत्वों जैसे– पाठ्यक्रम, गुरू, शिक्षा व्यवस्था, मूल्यांकन, रोजगारपरक व्यवस्था को भावे के दर्शन के आधार पर लागू करना होगा।

डॉ० धनंजय शर्मा, असि०प्रो०, समाजशास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय का उद्‌बोधन–

डॉ० धनंजय शर्मा ने अपने व्याख्यान के दौरान आचार्य विनोबा भावे के प्रमुख दार्शनिक विचारों जैसे ट्रस्टीशिप की अवधारणा एवं सर्वोत्तम समाज की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। डॉ० शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि विनोबा जी के अनुसार ट्रस्टीशिप सिद्धान्त का अभिप्राय है। शरीर, बुद्धि और सम्पत्ति तीनों में से जो भी प्राप्त हो सके उसको सबके हित में लगाना। वे ट्रस्टीशिप के स्थान पर ''विश्वस्त वृत्ति'' शब्द का प्रयोग करने के समर्थक थे, जिसका अर्थ है– दूसरे पर विश्वास रखते हुए जीवन को जीना।

डॉ० शर्मा ने बताया कि आचार्य विनोबा जी एक ऐसे समाज की स्थापना करना चाहते थे जो पूर्ण रूप से प्रेम एवं सत्य और अहिंसा पर आधारित हो। मानव के आंतरिक एवं बाह्य विकास के लिए ऐसे समाज की कल्पना को ही सर्वोदय समाज के नाम से अभिव्यक्त किया गया। उन्होंने बताया कि विनोबा जी व्यक्ति की अच्छाईयों में दृढ़

विश्वास रखते थे, ऐसे व्यक्ति को ज्यादा प्राथमिकता देते थे जो दूसरों के सुख में सुखी एवं दुःख में दुःखी होता था।

डॉ० इमरान, असि०प्रो०, राजनीति विज्ञान विभाग, एम० (पी०जी०), मसूरी का उद्‌बोधन–

अपने विषयिक व्याख्यान का प्रारम्भ करते हुए डॉ० इमरान आचार्य विनोबा भावे के राष्ट्रीय आन्दोलनों में भूमिका को स्पष्ट करते हुए बताया कि भावे की भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि जब महात्मा गाँधी असहयोग आन्दोलन चला रहे थे तभी भावे भारतीयों को विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करके स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर विशेष बल देने का कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि लोगों की सेवा करना विनोबा जी ने अपना धर्म बना लिया था। डॉ० इमरान ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से कहा कि विनोबा भावे जी को लोगों से इतना लगाव एवं प्रेम था कि वे हर जीव में परमात्मा का दर्शन करते थे। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक विकास का आधार सत्य, सामाजिक विकास का आधार, अहिंसा एवं आर्थिक विकास का आधार अपरिग्रह है। विनोबा जी सर्वोदय का उद्‌देश्य स्वशासन एवं स्वावलंबन मानते थे।

डॉ० गिरिराज सिहं, असि०प्रो० राजनीति विज्ञान विभाग का उद्‌बोधन–

दो दिवसयी सेमिनार के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित डॉ० गिरिराज सिंह, असि०प्रो० राजनीति विज्ञान विभाग ने अपने प्रेरणाप्रद उद्‌बोधन में आचार्य विनोबा भावे को मूल रूप से एक लेखक, समाज सुधारक, चिन्तक एवं आजादी का नायक बताते हुए कहा कि आचार्य विनोबा भावे का दर्शन, ''सर्वोदय'' का प्रमुख उद्‌देश्य सबका उदय है। सभी प्रकार से उत्थान एवं उदय ही इस दर्शन की विशेषता है। उन्होंने कहा कि सर्वोदय की कल्पना हमारे प्राचीन ग्रन्थों में मिलती है। साथ ही इस सर्वोदय की भावना में लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार के लक्ष्यों का साधन का मूल मंत्र निहित है, जो आचार्य विनोबा भावे एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी दोनों महापुरूषों के जीवन दर्शन का आधार है। उन्होंने सर्वोदय की भावना को स्पष्ट करते हुए बताया कि सर्वोदय के विषय में विनोबा जी का अभिमत है कि सर्वोदय सबका हित चाहने वाला है। दुःखी, कमजोर, पीड़ित, शोषित एवं गरीब लोगों की तरफ सबका ज्यादा ध्यान होना चाहिए यही सर्वोदय समाज का नियम है। उन्होंने कहा कि विनोबा जी का स्पष्ट विचार है कि कोई भी क्रांति पहले चिन्तन में आती है फिर वचन में प्रकाशित होती है। इनके विचारों को प्राचीन एवं आजाद भारतीय समाज के कल्याणकारी तत्व के रूप में प्रमाणित किया।

डॉ० तीर्थ प्रकाश, एसो०प्रो० राजनीति विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय, मंगलौर का उद्‌बोधन–

सेमिनार के द्वितीय दिवस विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ० तीर्थप्रकाश एसो०प्रो० राजनीति विज्ञान विभाग ने आचार्य विनोबा भावे को राष्ट्रीय शिक्षक, सर्वोदय समाज के वास्तविक शिल्पकार, श्रम के पुजारी एवं सच्चे अर्थों में गाँधी के उत्तराधिकारी के रूप में एक अद्वितीय पुरूष के स्वर्णिम हस्ताक्षर के रूप में प्रमाणित किया। उन्होंने ने सर्वजन हिताय की सार्वभौमिक कल्याणकारी नीति से प्रेरित आचार्य विनोबा भावे को

महापुरूष की संज्ञा दी और स्पष्ट किया कि भावे का सर्वोदय, आत्मत्याग की भावना पर ''सबके भले में अपना भला'' आधारित मूल मंत्र को आत्मसात् करने की प्रेरणा प्रदान करता है। डॉ० प्रकाश ने बताया कि जिस प्रकार बंकिम चन्द्र जी द्वारा वन्देमातरम्, विवेकानन्द जी द्वारा दरिद्रनारायण ठीक उसी प्रकार 'भूदान यज्ञ' शब्दावली की रचना का श्रेय आचार्य विनोबा भावे जी को जाता है। इस प्रकार विनोबा जी का दर्शन मानवीय जीवन के प्रत्येक कालखण्ड में अपनी प्रासंगिकता को बताया गया है।

डॉ० सुनील, असि०प्रो०, जी०डी०सी० रिच्छा, बरेली का उद्बोधन–

अपने व्याख्यान में डॉ० सुनील ने आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन के दर्शन को स्पष्ट किया। अपने वक्तव्य में डॉ० सुनील ने बताया कि भूदान आन्दोलन के उद्देश्य के विषय में विनोबा जी कहते हैं– ''हमें अपने आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य को स्पष्टतः समझना चाहिए। एक ग्राम में भूमि का वितरण केवल प्रथम कदम है, हमारे आन्दोलन का एक लक्ष्य, एक अभिनव मावन की सृष्टि करना है, केवल भारत में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में इसके प्रभाव व्याप्त हैं।''

डॉ० सुनील ने यह भी स्पष्ट रूप से व्यक्त किया कि आचार्य विनोबा भावे के भूदान आन्दोलन अंतिम लक्ष्य जनगण के टूटे हृदय को जोड़ना तथा प्रत्येक ग्राम के व्यक्तियों में एकता की भावना जागृत करना था, ऐसा तभी सम्भव था जब भूमिपति अपनी स्वेच्छा से तथा प्रेम से और उदारता से कम सौभाग्यशाली व्यक्तियों को दें। इससे धनी का अभिमान कम हो जायेगा और निर्धन के नैराश्य तथा दूसरों पर निर्भरता में कमी आयेगी तथा आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो उठेगा।

डॉ० नीरजा चौधरी, एसो०प्रो०, डी०ए०वी० (पी०जी०) कॉलेज, देहरादून का उद्बोधन–

आचार्य विनोबा भावे के दर्शन पर आधारित 2 दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन डी०ए०वी० (पी०जी०) कॉलेज, देहरादून की एसो०प्रो० डॉ० नीरजा चौधरी ने अपने व्याख्यान में आचार्य विनोबा भावे के विचारों में महिला उत्थान विषय को आधार बनाकर अपने विचारों को मंच से साझा किया। उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय समाज में मनुस्मृति एवं मनु के विचारों के कारण नारी की अवनति एवं दुर्गति हुई है, परन्तु आचार्य विनोबा भावे के दर्शन में नारी उत्थान के संदर्भ में आपने भाषणों, लेखों, व्यवहारों, चिंतन एवं ग्रंथों में बाल विवाह, विधवा पुर्नविवाह, स्त्रियों की सम्पत्ति में हिस्सेदारी, शिक्षा एवं स्वतन्त्रता, उनके प्रतिमान–सम्मान का व्यवहार जैसे मुद्दों को बदला जाए ताकि स्त्री–पुरूष को समान स्तर, अवसर और समान अधिकार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि आचार्य विनोबा भावे भारतीय समाज में एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे, जिसकी नींव, न्याय, समानता, शांति एवं समरसता पर आधारित हो। उन्होंने बताया कि भावे स्त्री को ईश्वर सर्वोत्कृष्ट रचना एवं अहिंसा का अवतार की प्रतिमा मानते थे।

डॉ० एकता चौहान, असि०प्रो० राजनीति विज्ञान विभाग, ए०के० (पी०जी०) कॉलेज, खुर्जा का उद्बोधन–

दो दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ० एकता चौहान, असि०प्रो० राजनीति विज्ञान ने मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। अपने व्याख्यान के माध्यम से डॉ० चौहान ने आचार्य विनोबा भावे जी दार्शनिक एवं वैचारिक पक्षों के राजनैतिक पक्ष को उजागर किया। डॉ० चौहान ने बताया कि आचार्य विनोबा जी का आदर्श एक अहिंसक एवं विकेन्द्रित शासन व्यवस्था के स्थापना के निर्माण का है। जहाँ व्यक्ति दमन एवं शोषण की नीति से मुक्त होगा। उन्होंने बताया कि विनोबा भावे जी राज्यशक्ति और राज्यसत्ता के स्थान पर लोकशक्ति एवं लोकसत्ता चलाना चाहते थे क्योंकि लोकशक्ति की हिंसाशक्ति और दण्डशक्ति से भिन्न स्वतन्त्र जनशक्ति है। डॉ० चौहान ने यह भी कहा कि सामान्य दृष्टि में विनोबा जी ने शासन पद्धतियों को तीन भाग में विभाजित किया है जो कि एकायतन, अनेकायतन एवं सर्वायतन है। विनोबा जी हमेशा सर्वायतन पद्धति से शासन करने एवं कराने के पक्षधर थे क्योंकि उनका मानना था कि सर्वायतन पद्धति के शासन प्रणाली में सभी मिलकर समान उत्तरदायित्व के साथ अपनी व्यवस्था करते हैं जो कि वर्तमान में एक आदर्श लोकतंत्रात्मक प्रणाली हेतु आवश्यक आधार है।

डॉ० दिलीप, असि०प्रो० राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय, जखोली का उद्‌बोधन–

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस में विषय वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ० दिलीप, असि०प्रो० राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय, जखोली ने अपने वक्तव्य में आचार्य विनोबा भावे के प्रमुख विचारों/दर्शनों में से एक ''समाजवाद और पूँजीवाद'' को प्रमुखता से शामिल किया है तथा वर्तमान समाज एवं समय में इसी विचारधारा के प्रयोजन हेतु संभावना भी व्यक्त की। डॉ० दिलीप ने बताया कि भारत आज समाजवादी लोकतंत्र के पथ पर प्रतिमान है जो आचार्य विनोबा भावे की वर्तमान प्रासंगिकता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आचार्य विनोबा भावे ने एक ऐसे समाजवादी लोकतंत्र की जिसमें राज्य की भूमिका को हटाकर उसके स्थान पर व्यक्ति की भूमिका को स्थापित किया जाए।

इसके अलावा डॉ० दिलीप ने अपने व्याख्यान में स्पष्ट किया कि जहाँ तक पूँजीवाद की बात है तो आचार्य विनोबा के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अपनी योग्यता के अनुसार पूँजी अर्जित करने का अधिकार होना चाहिए परन्तु इसकी दशा समाजवादी एवं कल्याणकारी अर्थव्यवस्था की ओर होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के साथ ट्रस्टीशिप का सिद्धान्त भी जोड़ते हैं, जो प्राचीन एवं वर्तमान भारत एवं भारतीय समाज के विकास के लिए अति आवश्यक है।

डॉ० विपिन कुमार शर्मा, असि०प्रो०, राजकीय महाविद्यालय, लम्बगाँव का उद्‌बोधन–

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस मंच पर विषम वक्ता के रूप में उपस्थित वक्ता डॉ० विपिन कुमार, असि०प्रो०, राजकीय महाविद्यालय, लम्बगाँव ने अपने व्याख्यान में आचार्य विनोबा के आदर्शों, विशेष रूप से उनके शैक्षिक आदर्शों एवं शिक्षा से

सम्बन्धित दर्शन पर प्रकाश डाला। डॉ० शर्मा ने स्पष्ट कहा कि यदि वर्तमान परिवेश में भारतीय शिक्षा व्यवस्था में आचार्य विनोबा के दर्शनों का आंशिक प्रयोग मात्र ही कर दिया जाए तो हमारा देश विश्वगुरू की रेश में अग्रसर हो जाएगा। डॉ० शर्मा ने बताया कि विनोबा जी सदैव क्षेत्र कोर्ट भी हो उस क्षेत्र के विस्तार से अधिक महत्व उसकी गुणवत्ता को देते हैं। शिक्षा एवं शिक्षण के संबंध में विनोबा जी इसी तथ्य को प्रतिपादित करते हुए कहते हैं कि हम यह नहीं सोचते है कि यह विचार स्वदेशी है या विदेशी अथवा नया है या पुराना। हम यह सोचते हैं कि वह विचार उचित है या नहीं। उन्होंने बताया कि आचार्य विनोबा जी ने पतंजलि के योगसूत्र को शिक्षणशास्त्र पर सर्वोत्तम ग्रंथ माना है। उन्होंने बताया कि विनोबा जी के शिक्षा दर्शन की दूसरी महत्त्वपूर्ण विशेषता शिक्षण की स्वतन्त्रता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विनोबा मानते थे कि भारत में शिक्षा उन दिनों से है जब यूरोप में शिक्षा का आरम्भ भी नहीं हुआ था। यह बात उपनिषदों में भी प्रमाणित है।

डॉ० अजय परमार, असि०प्रो० इतिहास, संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार का उद्‌बोधन–

उत्तराखण्ड के ग्रामीणांचल परिवेश में अवस्थित शिक्षा के केन्द्र के रूप में चमनलाल महाविद्यालय, लण्ढौरा में ''आचार्य विनोबा भावे के विचारों की वर्तमान भारतीय समाज में प्रासंगिकता'' विषय पर आयोजित 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित डॉ० अजय परमार, असि०प्रो० इतिहास विभाग, संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने अपने विचारों से युक्त उद्‌बोधन आचार्य विनोबा भावे को मानवता के प्रबल समर्थक के रूप में प्रतिस्थापित किया। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति के प्रतीक आचार्य विनोबा का सम्पूर्ण जीवन तमाम, पारस्परिक प्रेम, सहानुभूति एवं कर्मठता का जीवन–दर्शन है। स्वाभाविक है कि उनका हिंसा. युद्ध, सशक्तिकरण से विरोध हो, उन्होंने अपने आन्दोलनों को अहिंसात्मक ढंग से चलाया, इसीलिए वह शान्ति के पुजारी कहे जाते हैं। डॉ० परमार ने अपने उद्‌बोधन में इस बात को प्रमुखता से शामिल किया कि आचार्य विनोबा एक आध्यात्मिक संत थे, ईश्वर में उनकी अटूट निष्ठा थी इसीलिए वह ईश्वर को भौतिक जगत् से भी अधिक महत्व देते थे। डॉ० परमार ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे जी ने अपने कर्मों एवं विचारों के आधार पर स्वयं को जनता का सेवक सिद्ध किया है।

डॉ. देवपाल असिस्टेंट प्रोफेसर , वाणिज्य विभाग, चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा, हरिद्वार,उत्तराखण्ड ने अपने शोध पत्र **''गाँधी जी के बाद सर्वोदय आंदोलन में आचार्य विनोबा भावे की भूमिका''** में बताया कि भारत जैसे किसी भी लोकतांत्रिक देश की प्राथमिकता सबका उत्थान है। सर्वोदय आंदोलन का अर्थ है सभी के लिए समानता, न्याय और स्वतंत्रता के साथ एक आदर्श समाज बनाना। सर्वोदय की अवधारणा की पहलसबसे पहले गांधी जी ने की थी 1908 में जॉन रस्किन के ''अनटू दिस लास्ट'' के उनके गुजराती अनुवाद के शीर्षक के रूप मेंकिया गया था।। आज सर्वोदय गांधीवादी विचारधारा का पर्याय बन गया है।सर्वोदय का साहित्यिक अर्थ सबका कल्याण है। सर्वोदय आदर्श होने के साथ–साथ सभी के उत्थान का आंदोलन है। इसे विश्व समस्याओं का भारतीय समाधान, सामाजिक–आर्थिक बुराइयों के लिए गांधीवादी रामबाण

माना जाता है। गांधी के प्रबल अनुयायी के रूप में, विनोबा भावे ने भारत में एक सर्वोदय सोसायटी बनाने के लिए सर्वोदय का अभ्यास करना शुरू कर दिया। भारतीय राष्ट्र को सभी के लिए समानता, न्याय और स्वतंत्रता पर आधारित बनाने के लिए, विनोबा ने भूमिहीन गरीबों की मदद के लिए भूदान आंदोलन शुरू किया। सम्य–योग सर्वोदय का दूसरा नाम है जो विनोबा में गहराई से आया है। वह समाज में प्रगतिशील परिवर्तन लाने के लिए समय–योग की भावना से सांस लेता और जीता है। स्वतंत्रता के बाद के भारत में, विनोबा भावे ने सभी की प्रगति के लिए, विशेष रूप से दलित लोगों के लिए, भारत के पुनर्निर्माण के लिए खुद को सर्वोदय के लिए समर्पित कर दिया। यह अध्ययन गांधी के बाद जन समाजवाद की स्थापना के लिए सर्वोदय आंदोलन के लिए विनोबा के योगदान पर ध्यान केंद्रित करता है।

विनोबा भावे का राजनीतिक चिन्तन विषयक शोध पत्र में डा0 आरती गहरवार, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, श्री टीकाराम कन्या महाविद्यालय, अलीगढ़ ने बताया किया कि आचार्य विनोबा भावे का जन्म 11 सितम्बर 1895 में हुआ। उनका मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। विनोबा भावे एक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक थे। वे भारत के राश्ट्रीय अध्यापक तथा महात्मा गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी माने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम वर्श महाराश्ट्र में पवनार के आश्रम में बिताये। बालक विनायक को माता–पिता दोनों के संस्कार मिले थे। गणित की सूझ–बूझ विज्ञान के प्रति गहन अनुराग, परम्परा के प्रति वैज्ञानिक दृश्टिकोण और तमाम तरह के पूर्वाग्रहों से अलग हटकर सोचने की कला उन्हें अपने पिता नरहरि भावे से मिली। उन्हें अपनी मां रूक्मिणी बाई से धर्म और संस्कृति के प्रति गहन अनुराग, प्राणीमात्र के कल्याण की भावना, जीवन के प्रति सकारात्मक दृश्टिकोण, सर्वधर्म समभाव, सह अस्तित्व और सम्मान की कला प्राप्त हुई।

भारत की आजादी की लड़ाई में अहिंसात्मक रूप से इनका बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने मानवाधिकार की रक्षा और अहिंसा के लिय सदैव कार्य कियां। उन्होंने राश्ट्र निर्माण के लिये भूदान आंदोलन में योगदान दिया था। ये योगदान देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ था। उन्होंने सदैव महात्मा गांधी के मार्ग का अनुसरण करते हुये अपना जीवन राश्ट्र निर्माण में लगाया।

विनोबा भावे का राजनीतिक दर्शनः– विनोबा भावे 7 जून 1916 को महात्मा गांधी के संपर्क में आये और उसके बाद यह संपर्क बढ़ता चला गया। गांधी जी के साबरमती आश्रम से वर्धा के पवनार आश्रम तक विनोबा भावे का बौद्धिक क्रियाजगत रहा है। हरिजनों द्वारा तेलंगाना में साम्यवादी प्रभाव के विरूद्ध कृशकों की समस्या का निवारण, नई तालीम, राश्ट्रभाशा हिन्दी का प्रचार, भूदान यज्ञ, ग्रामदान, जीवनदान, सर्वसेवा संघ की गतिविधियाँ, डाकुओ की समस्या का समाधान और गौवध निशेध आदि समस्त कार्य विनोबा भावे के अथक प्रयास के ही परिणाम थे।

विनोवा भावे ने अपने राजनीतिक दर्शन में राजनीतिको व्यवस्था सूचक पद बताया है। इन्होंने राजनीति के बारे में सम्पत्ति और सामाजिक सुख दुख के संतुलन की

व्यवस्था की बात कही है। उनके अनुसार राजनीति का मूलभूत और स्वाभाविक अर्थ है कम और अधिक सार्म्थ्यवान व्यक्ति आपस में मिलकर व्यवस्था कैसे करें।

विनोवा 'राज्य शक्ति' और 'राज्य सत्ता' के स्थान पर 'लोकशक्ति' और लोकसत्ता चलाना चाहते थे। उन्होंने ग्राम जनतंत्र और 'लोकसेवक संघ' के विचार के स्थान पर 'लोकशक्ति' और 'लोकनीति' नाम दिया तथा इनके लिए व्यापक आंदोलन चलाये जिसे सर्वोदय आंदोलन कहते है।

युधिष्ठर सिंह सोलंकी, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, जे.एस. (पी. जी.) कॉलिज, सिकन्दराबाद, बुलंदशहर ने शोध पत्र 66**आचार्य विनोबा भावे का राजनीतिक चिंतन''** में प्रस्तुत किया कि विनोबा भावे के राजनीतिक दर्शन में 'सर्वोदय' के विचार का अत्यंत महत्व है। इसका मुख्य उद्देश्य समस्त मानव जाति का कल्याण व उत्थान है। इसके लिए विनोबा भावे ने मुख्य रूप से भूदान, ग्राम दान, संपत्ति दान, ग्राम स्वराज, लोकनीति, दल–विहीन लोकतंत्र जैसे विचारों का प्रतिपादन किया। वस्तुतः विनोबा भावे का संपूर्ण जीवन सामाजिक समानता व न्याय के लिए समर्पित था। विनोबा भावे का राजनीतिक चिंतन मानवतावादी विचारधारा पर आधारित है। जिसमें नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का सर्वोच्च स्थान है। उन्हें भारत का महान संत, दार्शनिक, सामाजिक व आर्थिक विचारक और सर्वोदय की अवधारणा के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है। विनोबा भावे का जन्म 11 सितंबर 1895 में महाराष्ट्र के कोलोबा जिले में हुआ। वर्ष 1916 में वे गांधीजी के संपर्क में आए और उसके बाद यह संपर्क बढ़ता ही चला गया। गांधीजी के आदर्शों के प्रति उनके समर्पण भाव के कारण ही उनकी मृत्यु के पूर्व तक उन्हें 'वर्तमान का जीवित महात्मा' कहा जाता था। उन्होंने न केवल गांधीजी के सर्वोदय दर्शन को स्वीकार किया, अपितु जीवन पर्यन्त उसे साकार करने में प्रयत्नशील रहे।

अजय कुमार, शोधार्थी, मनेर पटना बिहार ने अपने शोध पत्र जिसका शीर्षक ''आचार्य विनोवा भावे मानवीय संवेदनाओं से भरा दर्शन'' में बताया कि आचार्य विनोवा भावे का जन्म 11 सितम्बर सन् 1895 को गगोड़े महाराष्ट्र मे हुआ था। वे हिंदू धर्म के ब्राह्मण जाती के थे। उनके पिता का नाम नरद्वरी शम्भू एवं माता का नाम रुक्मिणी देवी था। उनका मृत्यु 15 नवम्बर सन् 1982 मे हुआ था। वे मूल रूप से लेखक, समाज सुधारक, चिन्तक, स्वतंत्रता सेनानी थे।आचार्य विनोवा भावे जी का शिक्षा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय मे हुआ था, यहीं गाँधी जी के भाषण से प्रभावित हो गये। मानव स्वाभाव, सामाजिक रिश्ते और संघर्ष से उत्पन्न अनूभुति एवं अस्तित्व के गर्व से उत्पन्न विचारो के आधार पर गाँधी ने अपने जीवन दर्शन का ताना बाना बुना है। गाँधी ने सत्य अहिंसा आदि शास्वत साधनों के द्वारा मानव समाज के उद्धार के लिए एक नूतन प्रयोग पद्धति का आविष्कार किया जो अध्यात्म और अधिभूत तथा स्वार्थ एवं परार्थ के बीच पैदा करने वाले विरोधी तत्वों को नाश करने व सत्य ही अध्यात्म के साथ योग करके विशुद्ध नैतिक आधार पर समाज का नवनिर्माण करने मे समर्थ है।आचार्य विनोवा भावे जी गाँधी जी के आश्रम मे रहते थे। वे गाँधी जी के दर्शन से काफी प्रभावित थे उनके विलक्ष्ण प्रतिभा के कायल थे, भारतीय राष्ट्रवाद के एक निर्विवाद नेता के रूप में गाँधी के उदय के लिए इस वातावरण मे आज सम्पूर्ण विश्व मे सामान्यतरू और भारत मे विशेषतरू संक्रमित एवं

मूल्यहीनता व्याप्त है। इसके कारण है सतत वैचारिक संघर्ष, जातीय द्वेष, धर्म का नीति एवं अध्यात्म से च्युत होना, हिंसा, ईष्या, घृणा तथा अलगाव का समाज एवं संस्कृति मे बढना आदि आज समाज समृद्धि और गरीबी, स्वतंत्रता शोषण, समाजसम्बंध एवं तनाव, विज्ञान और अध्यातम के विरोधाभाष मे फंसा हुआ है। इस विकट स्थिति मे गाँधी के जीवन दर्शन की प्रासंगिता को आज विश्व समाज, सबसे अधिक महसूस कर रहा है। गाँधी ने विश्व से हिंसा आदि दोषों को हटाने के लिए न केवल अर्जित किया अपितु उसका उपदेश भी दिया। इतना ही नही उन्होने हिंसा का समाज से समूल उन्मूलन के लिए मन और क्रिया मे तादात्मय करके सत्याग्रह नामक अध्यात्मिक चमत्कार को प्रस्तूत किया। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम गाँधी के विचारो पर पुर्नमूल्यांकन करे और समसामयिक समाज मे उसकी प्रासंगिकता पर विचार विमर्श करे, प्रस्तुत विचारों के धारण करने मे सबसे उपर सर्वोदय परम्परा के आचार्य विनोवा भावे के चिंतन मे कर्म का महत्व है। सर्वोदय का अर्थ है सबका उदय और सबके द्वारा उदय। सब लोग जियें और एक दूसरे के साथ जिये। शास्त्रीय परिभाषा मे जीवन का विकास और जीवन का अधिक से अधिक विस्तार। दुनिया मे जीवन का विकास और विस्तार करना है तो इस विषय मे चाहे आस्तिक हो या नास्तिक अर्थवादी हो या भौतिक विज्ञानवादी हो या राजनीतिज्ञ किसी को कोई आपति नही होगी। इसे सभी स्वीकार करेंगे।

डॉ0 फ़ैज़ान अहमद, एसोसिएट प्रोफ़ेसर (राज0वि0) एवं कार्यवाहक प्राचार्य, जी0बी0पन्त (पी0जी0) कालेज ने शोध पत्र **"कछला (बदायूँ) विनोबा भावे के दर्शन की वर्तमान काल में प्रासंगिकता"** में उल्लेख किया कि आधुनिक भारत के महान् सन्त, दार्शनिक, सामाजिक एवं आर्थिक विचारक, भूदान आन्दोलन के प्रणेता और सर्वोदय के अग्रदूत, आचार्य विनोबा भावे का जन्म 11 सितम्बर 1895 ई0 को महाराश्ट्र के गगोदा नामक ग्राम में एक चितपावन ब्रा🕓मण परिवार में हुआ था। यह गाँव उनके पिता नरसिंह राव भावे को पेशवा से इनाम में मिला था। उनकी माता रुक्मिणी बाई विदुशी महिला थीं। विनोबा भावे को अध्यात्म के संस्कार देने, उन्हें भक्ति–वेदान्त की ओर ले जाने तथा बचपन में ही उनके मन में सन्यास और वैराग्य की प्रेरणा जगाने में उनकी माँ का बड़ा योगदान था। गणित की सूझ–बूझ और तर्क सामर्थ्य, विज्ञान के प्रति गहन अनुराग, परम्परा के प्रति वैज्ञानिक दृश्टिकोण और तमाम तरह के पूर्वाग्रहों से अलग हटकर सोचने की कला उन्हें पिता की ओर से प्राप्त हुई।

विनोबा भावे को 'भारत का राश्ट्रीय अध्यापक' और 'महात्मा गाँधी का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी' समझा जाता है। उनका मूल नाम विनायक नरहरी भावे था। विनोबा नाम उन्हें महात्मा गाँधी ने दिया था। अध्ययन में रुचि न होने के कारण उन्होंने स्नातक की डिग्री लेने से पूर्व ही कॉलेज छोड़ दिया। 1916 ई0 में वे गृह त्याग कर सन्यासी हो गए। इस बीच काशी में उन्होंने संस्कृत का अध्ययन किया। वह एक ऐसे व्यक्ति की खोज में थे, जिसमें राजनीति और अध्यात्म का समन्वय हो। उसी समय वे महात्मा गाँधी के सम्पर्क में आए तथा उनसे प्रभावित होकर उनके अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम में प्रविश्ट हो गए। आश्रम में परिश्रम व स्वाध्याय से उन्होंने गाँधी जी को बहुत प्रभावित किया। विनोबा भावे से पहली मुलाकात (7 जून 1916 ई0) में ही प्रभावित होकर **महात्मा**

गाँधी ने कहा था कि **"बाक़ी लोग इस आश्रम से कुछ लेने के लिए आते हैं, एक यही है जो हमें कुछ देने के लिए आया है।"**[1] इसके बाद तो विनोबा भावे गाँधी जी के ही होकर रह गए।

1921 ई0 में सेठ जमनालाल बजाज ने वर्धा में एक आश्रम स्थापित किया, तो उन्होंने उसकी व्यवस्था के लिए गाँधी जी से विनोबा भावे को माँगा। विनोबा भावे वहाँ आकर रहने लगे। इस आश्रम में उन्होंने सारी प्रवृत्तियों में योग दिया, लेकिन उनका मुख्य कार्य कताई का था। लगातार कई घण्टे तक चर्ख़ा और तकली के साथ बैठना उनका नित्य कर्तव्य था। 25 वर्श की आयु में महात्मा गाँधी ने उन्हें 'आचार्य' की उपाधि प्रदान की। 1932 ई0 के सत्याग्रह में वह जेल गए। वह धूलिया जेल में रहे। वहीं पर उन्होंने भगवद्गीता का मराठी में अनुवाद किया। गाँधी जी ने इस अनुबाद कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की। 1933 ई0 में वे वर्धा से डेढ़ मील दूर हरिजनों की आबादी वाले गाँव नालवाड़ी चले गए। 1937 ई0 में विनोबा भावे पवनार आश्रम में चले गए। तब से लेकर जीवन पर्यन्त यही आश्रम उनका केन्द्रीय स्थान रहा। द्वितीय विश्व युद्ध के समय जब ग्रेट ब्रिटेन ने भारत को जबरन युद्ध में झोंक दिया तो इस कार्य के विरुद्ध महात्मा गाँधी ने 17 अक्टूबर 1940 ई0 को एक व्यक्तिगत सत्याग्रह आन्दोलन शुरू किया। गाँधी जी द्वारा विनोबा भावे को प्रथम सत्याग्रही बनाया गया। आगामी पाँच वर्शों में उन्हें काफ़ी समय तक जेल में रहना पड़ा। इस अवधि के दौरान उन्होंने बहुत सी भाशाओं तथा कुरआन का अध्ययन किया। वह 18 भाशाएं जानते थे।

भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात् जब गाँधी जी की हत्या की गई तो विनोबा भावे कुछ वर्शों तक गुमनामी में रहे। 1951 ई0 में उन्होंने तेलंगाना में प्रसिद्ध 'भूदान–आन्दोलन' चलाया। समय–समय पर समाचार पत्रों में उनके लेख प्रकाशित होते रहे। इन लेखों में उन्होंने प्रायः धन की निन्दा की। महात्मा गाँधी की हत्या (30 जनवरी 1948 ई0) के उपरान्त गाँधीवाद को जीवित रखने तथा उसका प्रचार–प्रसार करने में सर्वाधिक योगदान विनोबा भावे का ही है। शान्तिपूर्ण क्रान्ति के रूप में उनका भूदान, ग्रामदान, सम्पत्ति दान आदि आन्दोलन समस्त विश्व को आश्चर्य में डालने वाला है। 15 नवम्बर 1982 ई0 को पवनार आश्रम में उनकी मृत्यु हो गई। 1958 ई0 में उन्हें प्रसिद्ध अन्तर्राश्ट्रीय 'रेमन मेगसेसे पुरस्कार' दिया गया। भारत सरकार द्वारा 1983 ई0 में उन्हें मरणोपरान्त 'भारत रत्न पुरस्कार' प्रदान किया गया। आचार्य विनोबा भावे के प्रमुख विचार निम्नलिखित हैं–

आध्यात्मिक चिन्तन– विनोबा भावे का ईश्वर, भक्ति और मोक्ष में गहन विश्वास था। वे ईश्वर के अस्तित्व को तर्क़ का नहीं वरन् अनुभूति का विशय मानते थे। उनकी दृश्टि में ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग यही है कि ईश्वर के लिए अपने चित्त के दरवाज़े सदैव खुले रखे जाएँ तथा ह्रदय में सत्य, प्रेम, करुणा आदि मानवीय आदर्शों को स्थान दिया जाए। विनोबा भावे सच्ची मानवता के विकास के आकांक्षी थे। ईश्वर की भक्ति में वे अहंकार को एक बड़ी बाधा मानते थे। उन्हें सभी धर्मों से प्यार था। उनका मानना था कि मानवता की सेवा ही सबसे ऊँचा और सबसे अच्छा धर्म है। हम उसे धर्म नहीं कह सकते जो साम्प्रदायिक विद्वेश की शिक्षा देता हो। कोई भी धर्म मानव धर्म के

विरुद्ध नहीं हो सकता। मानव धर्म का अर्थ है कि सबके साथ भलाई का व्यवहार किया जाए। सत्य और प्रेम तथा संयम के आदर्श अपनाए जाएँ।

हरिकेश बहादुर यादव, शोधार्थी, कला विभाग, मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने शोध पत्र '**आचार्य विनोबा भावे की आर्थिक प्रासंगिकता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन'** में बताया कि विनोबा भावे ने समाजवादी लोकतन्त्र की संकल्पना की जिसमें राज्य की भूमिका को हटाकर व्यक्ति की भूमिका स्थापित होती है। ये दो स्थिति में संभव होती है। पहली स्थिति में जब कल्याणकारी राज्य ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में अपना विकास करता है तो वह अपनी विफलता को आमंत्रित करता है क्योंकि ''कल्याण की एक सीमा होती, अगर उस सीमा से अधिक कल्याण किया जाये तो कल्याण को खुद कल्याण की आवश्यकता पढ जाती है। और दूसरी स्थिति में जब व्यक्ति स्वयं अनुशासित होता है तो उनके हितों में टकराव न्यूनतम होता है। और राज्य को न्यूनतम हस्तक्षेप करने का अवसर प्राप्त होता है और इन्हीं दोनों स्थितियों में समाजवादी लोकतन्त्र प्राप्त होता है। भारत आज समाजवादी लोकतंत्र के पथ पर चल रहा है जो विनोबा भावे की प्रसंगिकता का प्रमाण है।

विनोबा भावे भारी उद्योगो का विरोध नहीं करते हैं परन्तु उनका मानना है कि भारी उद्योगों से पहले स्वदेशी को अपनाना चाहिए। विनोबा भावे कहते हैं, भारत में ग्रामीण उद्योगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। क्योंकि भारत एक गॉव का देश है और इस प्रकार क्रय शक्ति का विकाश गॉव से होना चाहिए और क्रय शक्ति के अनुपात में उद्योगों का आकार बढाना चाहिए अन्यथा देश ओद्योगिक मंदी का शिकार होता है और भारतीय अर्थ व्यवस्था इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसमें भारी उद्योगों को प्राथमिकता दी गयी।

''आचार्य विनोबा भावे का शिक्षा दर्शन'' शोध पत्र की लेखिका डॉ. हेमलता जोशी, सहायक आचार्य, जैन विश्वभारती संस्थान, लाडनूं (राज.) ने अवगत कराया कि भारत देश प्राचीन काल से ही अध्यात्म योग की स्थली रहा है। इसमें अनेकानेक ऋशि–मुनि, संत, परिव्राजक, महापुरुश, समाज सुधारक हुए हैं जिन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर मानव पीढ़ी को सदैव सत्य की ओर प्रेरित किया, सद्मार्ग की ओर प्रेरित किया। इतना ही नहीं इस हेतु पुरुशार्थ किया। इसी का परिणाम है कि प्राचीन काल से लेकर वर्तमान की यात्रा में कई उतार–चढ़ावों के बाद भी ज्ञान विकास की यह गंगा अविरल बह रही है जिससे ज्ञान पिपासु लाभान्वित हो रहे हैं। सत्य उद्घाटन की, ज्ञान विकास की इस परंपरा में कई नाम महत्त्वपूर्ण हैं जिनमें आचार्य बिनोबा का नाम एक है जिन्होंने मानव हित के अनेक आयामों को स्पर्श किया। अपनी तीक्ष्ण बुद्धि औश्र पैनी दृश्टि से समाज की समस्याओं के समाधान में अपना योगदान दिया जो मानव पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य अकरता रहेगा। इसके पीछे उनका दर्शन, उनका ज्ञान, उनका अनुभव, उनकी संवेदना है जो आत्मकल्याण के साथ परकल्याण की भावना से भरा है। इसीलिए वर्तमान आचार्यों में उनका नाम सम्मान ले लिया जाता है। शिक्षा जो कि ज्ञान विकास का सशक्त माध्यम है, उस पर उन्होंने अपने गहन चिंतन–मंथन से जो नवनीत

निकाला है, उसे यदि सुविधानुसार नहीं अपितु आवश्यकतानुसार शिक्षा में स्थान मिले तो उसमें युगीन समस्याओं का समाधान होने का सामर्थ्य निहित है। है। प्रस्तुत शोध पत्र में आचार्य विनोबा भावे का शिक्षा दर्शन देने में विनम्र प्रयास किया गया है जो सुध्सी पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकेगा, ऐसा विश्वास है।

आचार्य विनोबा भावे का महाराश्ट्र महाराश्ट्र के एक ब्राह्मण परिवार से थे। जीवन की आवश्यक शिक्षा इन्हें अपने माता–पिता से मिली। पिता से इन्हें वैज्ञानिक संस्कार मिले तो माता से अध्यात्म आदि की शिक्षा मिली। उनके जीवन में प्रारंभ से ही प्राकृतिक सौंदर्य तथा घरेलू वातावरण का प्रभाव था। उनके जीवन पर गुरु रामदास और आदि शकराचार्य के आदर्शों का भ्झी गहरा प्रभाव था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बड़ौदा में हुई। विद्यार्थी जीवन के सभी गुण उनमें निहित थे। इंटरमीडिएट की परीक्षा देने से पहले परीक्षा देने के संबंध में उनका विचार बदल गया। उन्होंने दृढ़ निश्चय किया। और आध्यात्मिक चिंतन में अपना जीवन जीएंगे।[1] तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था से वे संतुश्ट नहीं थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मूल्यों में रहकर समाज की सेवा में समर्पित किया। शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन हेतु अपने उर्वर मस्तिश्क से अनेकानेक समाधान दिए जो वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी बहुत महत्त्वपूर्ण हैं।

शिक्षा का स्वरूप– आचार्य विनोबा भावे का शिक्षा दर्शन विद्यार्थी के सर्वागींण व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित है। अतः शिक्षा दर्शन में आंतरिक जगत और भैतिक जगत दोनों को समाहित करते हुए शिक्षण की व्यवस्था की है। कहने का तात्पर्य है कि आंतरिक विकास के साथ व्यावहारिक जगत से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी शिक्षा में निहित है। उनका कहना है कि शिक्षा से यह अपेक्षा की जाती है कि उससे समग्र विकास की सामग्री मिले।[2] शिक्षण द्वारा हमें मानव का पूर्ण विकास अपेक्षित है। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों का पूर्ण विकास होना चाहिए।[3] जीवन से जुड़ी शिक्षा को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। जीवन को गौण करके शिक्षा देना अपूर्ण है। विद्यार्थी का आंतरिक परिवर्तन होना चाहिए तभी बाह्य परिस्थितियों के साथ ही वह सामंजस्य रख सकेगा। जीवनोपयोगी ज्ञान किसी विद्यालय में हासिल हो सकता है, गलत है। जीवन के लिए उपयोगी ज्ञान तो जीवन से ही हासिल होता है। उस ज्ञान को हासिल कराने की शक्ति जाग्रत करना विद्यालयों का काम है।[4] उनका यह भी मानना है कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं है। अतः आजीवन सत्य की खोज करती रहनी चाहिए। ज्ञान पाए हुए व्यक्ति को इस बात का पता रहता है कि ज्ञान कितना अनंत है और उसका कितना थोड़ा अंश मिला है। इसलिए सच्चा ज्ञानी जितना विद्या संपन्न और विनय संपन्न होगा, विद्या न पाने वाला कभी उतना नहीं हो सकता है। कारण उसे विद्या का नाप मिला नहीं है। जिसे विद्या के समुद्र का दर्शन कर लिया, उसके ध्यान में यह बात जरूर आ जाएगी कि विद्या का कहीं पार या अंत नहीं है और मुझे जो ज्ञान मिला है, वह उसका अंशमात्र है। इसी लिए मुझे आजीवन ज्ञान की खोज करते रहना चाहिए।[5] इससे स्पश्ट होता है कि आचार्य विनोबा जी का शिक्षा दर्शन यथार्थ को जानने का, उस तक पहुंचने का दर्शन है। यह कोरी कल्पना नहीं अपितु संभव है। यह संभव तब है जब शिक्षा व्यवस्था समुचित हो।

शिक्षा का अर्थ– शिक्षा का सामान्य अर्थ है सीखना, सिखाना, भीतर से बाहर की ओर लाना आदि। इसका तात्पर्य है कि शिक्षा आंतरिक क्षमताओं के, शक्तियों के प्रगटीकरण का माध्यम है। आचार्य विनोबा जी ने भी शिक्षा को इसी संदर्भ में माना है क्योंकि इनका संबंध जीवन से है। उन्होंने जीवन और शिक्षा को एक दूसरे के पूरक माना है। जीवन के बिना शिक्षा निश्प्राण है और शिक्षा के बिना जीवन निश्फल है। जीवन और शिक्षा दोनों एकरूप है। उन्हें अलग कर देने से कोई काम नहीं बनेगा। उनका कहना है कि शरीर के हर अवयव की पूर्ण और व्यवस्थित वृद्धि होना, इंद्रियों का कार्य कुशल बनना, विभिन्न मनोवृत्तियों का सर्वांगीण विकास होना, बौद्धिक शक्तियों का प्रगल्भ और प्रखर बनना–इन नैसर्गिक या प्राकृतिक प्रवृत्तियों का विकास ही शिक्षा है। अर्थात् जीवन प्राप्त कर लेने की कला ही शिक्षा है।[6] यह सत्य है कि जीवन के बिना शिक्षा अधूरी है। जीवन से जुड़ी शिक्षा ही सर्वांगीण विकास में सहायक बनती है। जब तक शरीर, मन, भाव, बुद्धि, इंद्रियां आदि स्वस्थ नहीं होंगे, प्रशिक्षित नहीं होंगे तब तक व्यवहार भी स्वस्थ नहीं हो सकेगा। अतः शिक्षा के द्वारा सर्वांगीण विकास आवश्यक है।

विद्या, अविद्या और आत्मज्ञान– ज्ञान विकास में के क्षेत्र में विद्या का अपना विशेष स्थान तो है ही परंतु अविद्या का भी अपना स्थान है। इसके अतिरिक्त है आत्मज्ञान जो परम साम्य है, दोनों से परे है। इसका अर्थ है कि जो ज्ञान मानव हित में उपयोगी बने वह हितकर है और जो अहितकर बने उसकी अविद्या अर्थात् अज्ञानता भी आवश्यक है। आत्मज्ञान हो जाने पर सारा भेद मिट जाता है। सदैव इसी संदर्भ में विनोबा जी का कहना है कि मनुश्य के लिए विद्या और अविद्या दोनों आवश्यक हैं। दुनिया में हजारों प्रकार के शास्त्र और हजारों प्रकार का ज्ञान है। उन सबकी प्राप्ति आवश्यक नहीं है। जिस ज्ञान की धर्माचरण में कोई आवश्यकता नहीं है, जिससे बुद्धि भेद होता है उस ज्ञान का चित्त पर बोझ नहीं डालना चाहिए। उसकी अविद्या ही रहने दी जाए। इस तरह अविद्या और विद्या दोनों चाहिए। तीसरा है आत्मज्ञान, जो परम साम्य है।[7] यह सत्य है कि आत्मज्ञान हो जाने पर सारे भ्रम टूट जाते हैं। फिर तो वास्तविक सत्य से ही परिचय होता है। तब सारे मनोविकार, सारे कशाय क्षीण हो जाते हैं। करणीय–अकरणीय में स्पश्ट भेदरेखा खिंच जाती है। अतः शिक्षा के द्वारा आत्मज्ञान भी आवश्यक है।

श्री कैलाश, शोध छात्र, इतिहास विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर, ऊधम सिंह नगर, कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल (उत्तराखण्ड) ने अपने शोध पत्र जिसका शीर्षक **आचार्य विनोबा भावे के 'सर्वोदय' विचारों की वर्तमान प्रासंगिक्ताः** में बताया कि ''गांधी जी के सच्चे अनुयायी एवं सत्य, अहिंसा, सर्वोदय, और भूदान आन्दोलन के प्रर्वतक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी, आचार्य विनोबा भावे का जन्म, 11 सितम्बर, 1895 ई0 को महाराश्ट्र के गगोड़े नामक ग्राम में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। इनका मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। भावे के पिता नरहरी शम्भू एक अच्छे बुनकर और उनकी माता रुकमणी देवी एक धार्मिक प्रवृति की महिला थी। विनोबा को अध्यात्मिक संस्कार देने, उन्हे भक्ति वेदांत की ओर ले जाने में, बचपन में उनके मन में सन्यास और वैराग्य की प्रेरणा जगाने में उनकी मॉ रूकमणी का बड़ा योगदान था। भावे जी को माता–पिता दोनों के संस्कार मिले थे। गणित, तर्क, विज्ञान के प्रति गहन अनुराग, परम्परा के प्रति वैज्ञानिक दृश्टिकोण और तमाम तरह के पूर्वाग्रहों से अलग हटकर सोचने

की कला उन्हें पिता की ओर से प्राप्त हुई, जबकि माता की ओर से धर्म और संस्कृति के प्रति गहन अनुराग, प्राणी मात्र के कल्याण की भावना, जीवन के प्रति सकारात्मक दृश्टिकोण, सर्वधर्म सवभाव, सहअस्तित्व की भावना माता के संस्कारो से प्राप्त हुई। आगे चलकर विनोबा को गांधी जी के विचारों ने प्रभावित किया।

जिस कारण भावे जी ने गांधी जी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानना स्वीकार किया, और जीवन भर गांधी जी के करकमलों पर चलने का प्रयास किया। इसी कारण आगे चलकर विनोबा को गांधी जी का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी माना गया। आज भी कुछ लोग यही कहते है। लेकिन यह विनोबा के चरित्र का एकतरफा विश्लेशण होगा, क्योंकि विनोबा जी तो गांधी जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी से बहुत आगे स्वतन्त्र सोच के प्राणी थे। मुख्य बात यह है, कि गांधी जी के आगे विनोबा जी के व्यक्तित्व का मूल्यांकन हो ही नहीं पाया। आजादी से पहले भारत में रंगो का आयात होता था, लेकिन भावे जी को यह बात अच्छी नहीं लगती थी, इसी करण भावे जी कई दिनों तक रंगो की खोज में लगे रहते थे। उनका मकसद भारत को आत्म निर्भर बनाना था। जब विनोबा जी 12वीं की परीक्षा दे रहे थे, उस समय गांधी जी बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में जन आन्दोलन को प्रेरित कर रहे थे।

इसी समय विनोबा जी ने गांधी जी के बनारस विश्वविद्यालय में दिये गये भाशण को पढा, और इतने प्रभावित हुए की गांधी जी को एक पत्र लिख डाला। गांधी जी ने भावे जी को जवाबी पत्र भेजकर उन्हें अहमदाबाद मिलने के लिए बुलाया। गांधी जी से विनोबा जी की पहली मुलाकात 7 जून 1916 को अहमदाबाद में हुई, इस मुलाकात का भावे जी पर इतना प्रभाव पड़ा कि उन्होंने अपनी आगे की पढाई छोड़ दी। और गांधी जी के साथ 1916 से 1948 तक देश की आजादी के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन भारत माता की सेवा और मानवता के उत्थान के लिए न्यौछावर कर दिया।

डा0 ललिता त्यागी, राजनीति विभाग व **डा0 अनिल गुप्ता** अर्थशास्त्र ने संयुक्त रूप से शोध पत्र **आचार्य विनोबा भावे सर्वोदय समाज के विचारों में** की प्रस्तुतिकरण किया जिसमें उन्होंने कहा कि यदि विनोबा के विचारों का सही रूप से विश्लेषण करें तो विनोबा ने अपने विचारों में कहा है कि समाजवाद का वास्तविक अर्थ "सर्वोदय समाजवाद की कल्पना करते है जो न तो मार्क्सवाद से मिलता है ना ही संघवाद से। उनका तो सिर्फ ये कहना था कि सर्वोदय समाज एक सच्चे समाजवाद का रूप होना चाहिए, जिसके पीछे मानव की सर्वोच्च भावनायें हो।

गॉधीवादी समाज बनाम सर्वोदय अवधारणात्मक पक्ष –

विनोबा का सम्पूर्ण समाजवादी दर्शन इनके सर्वोदय में निहित है। सर्वोदय में निहित है। सर्वोदय विचारों को आगे बढ़ाने वाले सन्त विनोबा भावे ने कहा कि सर्वोदय समाज की अवधारणा अनेक समस्याओं का समाधान है। उन्होने अपने विचारोंमें कहा है कि जब लोग मुझसे सर्वोदय समाज के संगठन के स्वरूप के बारे में पूछते है तो मै उन्हें बतलाता हूँ, सर्वोदय एक क्रान्तिकारी विचार है न कि एक संगठन है और आगे सर्वोदय समाज के अर्थ और निहितार्थ को स्पष्ट करते हुए विनोबा ने कहा है कि दूसरों की

आवश्यकताओं का ध्यान रखों और अपनी आवश्यकताओं को इस ढंग से पूरा ना करो जिससे अन्य व्यक्तियों का जीवन कष्ट में हो। विनोबा ऐसे समाज की स्थापना करना चाहते है जो प्रेम तथा सत्य पर

लोकेन्द्र कुमार, शोध छात्र, राजनीति विज्ञान विभाग, एस0डी0 (पी0जी0) कॉलेज, मुजफ्फरनगर अपने शोध पत्र '**आचार्य विनोबा भावे का भूदान आन्दोलन'** में बताया कि आचार्य विनोबा भावे का भूदान आन्दोलन सर्वाधिक महत्वपूर्ण आन्दोलन रहा है। भूदान आन्दोलन की उत्पत्ति गाँधी जी के ट्रस्टीशिप के सिद्धान्त में प्राप्त होती है क्योंकि गाँधी जी कहते हैं कि ''सच्चा समाजवाद तो हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त हुआ है। जिन्होंने हमें सिखाया हैं कि सर्वेभूमि गोपाल की' इसमें कही भी मेरी और तेरी की सीमायें उत्पन्न नहीं होती हैं। ये सभी सीमायें तो स्वयं मनुष्य ने ही उत्पन्न की हैं। इसलिए इन सीमाओं को तोड़ा भी जा सकता है। आचार्य विनोबा भावे ने भूदान आन्दोलन के द्वारा भूमि के समान वितरण की समस्या का अहिंसक समाधान ढूढ़ निकाला है। इसका पूर्णतः प्रभाव आन्ध्र प्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र के नलगुड़ा जिले के पोचमपल्ली ग्राम में हुआ। 1951 में इसी क्षेत्र में भूमि वितरण की समस्या को लेकर हिंसात्मक संघर्ष चल रहा था इस संघर्ष को शान्त करने के लिए विनोबा भावे जी ने इस क्षेत्र में पद–यात्रा की। ये हरिजनों की बस्ती को देखने के लिए वहा पर गये। भूमिहीन हरिजनों ने विनोबा जी से अपने भरण–पोषण के लिए 80 एकड़ भूमि की मांग रखी। और विनोबा जी ने इनकी मांगों को रखने के लिए हरिजनों से एक आवेदन पत्र मांगा। उन्होंने सोचा कि सरकार से भूमिहीन कृषकों के लिए जमीन दिलाने की चेष्टा करेंगे। पर उन्होंने व्यक्तियों से यह भी कहा कि यदि सरकार से जमीन न मिले या मिलने में देरी हो जायें तो क्या कोई ग्राम का सज्जन व्यक्ति गरीबों के लिए कुछ जमीन देगा। इन सभी ग्रामीणों में से एक भाई श्री रामचन्द्र रेड्डी ने कहा कि वह अपनी 100 एकड़ भूमि गरीब भाईयों को देने के लिए तैयार है। अतः कम्यूनिस्टों के आंतकक्षेत्र तेलंगाना के गाँव की इस अनोखी घटना को विनोबा जी ने ईश्वरीय संकेत माना। और इसे भूदान की संज्ञा दी। विनोबा जी ने दान शब्द में त्याग के महत्व को स्वीकार किया। इसलिए सम्यक विभाजन और समान वितरण के रूप में इसको प्रयुक्त किया। विनोबा जी ने कहा है कि ईश्वर ने पृथ्वी, जल, तेजवायु, तथा आकाश जैसे पंचभूतों का निर्माण सभी प्राणियों के लिए किया गया है। अतः विनोबा जी पोचमपल्ली ग्राम की इस घटना के बारे में रात भर सोचते रहे जहाँ पर व्यक्ति तीन कट्ठा जमीन के लिए ही झगड़ा करता है, वहा पर 100 एकड़ जमीन प्राप्त हो गई। अतः विनोबा जी ने सोचा कि भूमिहीन किसानों के लिए कितनी भूमि की आवश्यकता है। उनको विचार आया कि लगभग 5 करोड़ एकड़ भूमि की आवश्यकता है तथा यह विचार उनके मन को विचलित कर रहा था कि उनके पास तो मात्र 100 एकड़ ही जमीन है। इतनी जमीन कैसे लायी जायेगी। इसके लिए विनोबा जी ने अकेले ही कोशिश करने का निश्चय किया और अगले दिन वे दूसरे ग्राम पहुँच गये वहाँ पर उन्होंने जलपान किया और ग्रामवासियों से मिलकर कहा कि यदि आपके चार पुत्र है तो मैं आपका पांचवा पुत्र हूँ तो मुझे आप पंचमांश दीजिए। ग्रामवासियों ने 25 एकड़ भूमि दान में दें दी। तेलंगाना में उन्होंने दो महीने में 12 हजार एकड़ जमीन दान में प्राप्त की। अतः विनोबा भावे जी ने तेलंगाना से भिन्न स्थिति वाले क्षेत्र में जहाँ किसी भी प्रकार के हिंसात्मक आन्दोलन नहीं

चल रहे थे वहाँ पर भूदान आन्दोलन चलाने का निश्चय किया। अतः भूदान का संदेश फैलाते हुए विनोबा जी और उनके साथ कार्यकर्ताओं की पदयात्राओं ने सम्पूर्ण देश में उत्साह तथा आशा का संचार पैदा कर दिया। विनोबा भावे का यह संदेश था कि ''भूदान आन्दोलन अहिंसा का प्रयोग हैं। जीवन परिवर्तन का प्रयोग हैं। मैं तो निमित्त मात्र हूँ, आप भी निमित्त है, परमेश्वर आप लोगों से और मुझसे कार्य कराने का ईच्छुक है, इसलिए मांग कर रहा हूँ। अतः आप लोग दीजिए और दिल खोलकर दीजिए। अतः भूदान आन्दोलन गरीब और अमीर दोनों ने मिलकर प्रारम्भ किया। विनोबा जी के भूदान कार्यक्रम की सभी ने प्रशंसा की। भूदान भूमि वितरण का एक प्रभावशाली कदम है। अतः यह लोगों पर अपना प्रभाव डालता हैं। सभी व्यक्ति वितरण को मन से स्वीकार करें। अतः भूदान आन्दोलन समाज में मालिक और मजदूर दोनों के भेदभाव को समाप्त करने का एक प्रभावशाली कदम है।

''आचार्य विनोबा भावे के दर्शन की शैक्षणिक एवं आर्थिक प्रासंगिकता का अध्ययन'' शोध पत्र के लेखक महेश कुमार, शोधार्थी, इतिहास विभाग एवं डॉ हरीश कुमार, शोध निर्देशक, इतिहास विभाग, मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने शोध में उल्लेख किया कि विनोबा भावे ने अपने दार्शनिक विचारों में अहिंसा का अपना आदर्श बनाया। इनका मानना था कि अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही आधुनिक भारत का निर्माण संभव है। विनोबा भावे अपने आप को समाजवादी कहते हैं फिर भी राजविहीन समाज की संकल्पना प्रस्तुत करते हैं। जबकि समाजवाद में राज्य ही सब कुछ होता है। परन्तु विनोबा भावे के अनुसार उत्पादन पर सामुहिक नियंत्रण ही समाजवाद है। विनोबा भावे व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकारों का समर्थन करते हैं और दूसरी ओर आर्थिक समानता भी चाहते हैं। लेकिन इनके आलोचक कहते है कि लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता के विचारों का उपयोग करेंगे तो समाज में अपनी योग्यता के अनुसार दर्जा प्राप्त करेंगे। और जब सामाजिक समानता ही नहीं होगी तो आर्थिक समानता कैसे प्राप्त की जा सकती है। विनोबा भावे कहते हैं कि लोगों के नैतिक विकास से यह संभव है।

अहिंसा और सदभावना को अपने जीवन का मूल मानने वाले आचार्य विनोबा भावे का जन्म 1895 ई0 को नासिक के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनकी माता का झूकाव अध्यात्म और चिंतन की ओर था जिसका प्रभाव आचार्य विनोबा भावे पर पडा। विनोबा भावे को महात्मा गांधी का उत्तराधिकारी माना जाता है क्योंकि विनोबा भावे महात्मा गांधी की विचारधारा से प्राभावित थे। विनोबा भावे का वास्तविक नाम नरहरि भावे था। महात्मा गांधी के सम्पर्क में आने पर इन्होंने रामायण, महाभारत भगवतगीता का अध्यन कर लिया था। माना जाता है कि जब वह दसवीं की परीक्षा देने के लिए मुम्बई जा रहे थे तो इन्होंने महात्मा गांधी का एक लेख पढ़कर अपने समस्त कागजातों में आग लगा दी थी।

विनोबा भावे भारी उद्योगो का विरोध नहीं करते हैं परन्तु उनका मानना है कि भारी उद्योगों से पहले स्वदेशी को अपनाना चाहिए। विनोबा भावे कहते हैं, भारत में ग्रामीण उद्योगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। क्योंकि भारत एक गॉव का देश है और

इस प्रकार क्रय शक्ति का विकाश गॉव से होना चाहिए और क्रय शक्ति के अनुपात में उद्योगों का आकार बढाना चाहिए अन्यथा देश ओद्योगिक मंदी का शिकार होता है और भारतीय अर्थ व्यवस्था इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसमें भारी उद्योगों को प्राथमिकता दी गयी।

डॉ. निभा राठी, असिस्टैंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज, सतीकुण्ड, हरिद्वार ने अपने शोध पत्र **विनोबा भावे के सर्वोदय व भूदान आन्दोलन की वर्तमान समय में असमानता के सन्दर्भ में प्रासंगिकता व उपयोगिता** बताया कि सर्वोदय की विचारधारा को समाज के समक्ष लाने का श्रेय महात्मा गांधी को दिया जाता है। महात्मा गांधी के प्रधान शिष्य होने के कारण श्री विनोबा भवे उनके साम्यवाद के विचार के प्रबल समर्थक हैं। विनोबा भावे के सर्वोदय के विचार यद्यपि गांधी जी के विचारों के अनुसार ही हैं फिर भी उनक बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने गांधीजी के सर्वोदय के सिद्धान्तों को उनके देहावसान के बाद स्वतन्त्र भारत की नवीन परिस्थितियों में लागू करने का प्रयास किया है और कुछ अंशों में अपना नवीन योगदान भी दिया है।

सर्वोदय की योजना से सम्पन्धित भूदान आन्दोलन ने सर्वोदय को वास्तविक स्वरूप में लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन दोनों योजना के माध्यम से समाज में असमानता को समाप्त करने का प्रयास किया गया। असमानता मुख्यतया आर्थिक प्रारूप में समाज में पुरातन समय से ही विद्यमान रही है जिसके काण सामाजिक स्वरूप में भी असमानता समाज में स्थापित हुई। इसी कारण सामाजिक असमानता को दूर करने से पूर्व आर्थिक असमानता को दूर किया जाना नितान्त आवश्यक था। विनोबा भावे के सर्वोदय व भूदान आन्दोलन ने इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहान किया है।

अगर वर्तमान परिदृश्य की चचार्ज्ञ की जाये तो समाज में आज भी असमानता का सबसे भयावह व विद्रूप प्रारूप विद्यमान है। आज हम सामाजिक समानता के उस दूषित स्वरूप से जो प्राचीन काल में विद्यमान था, के सदृश ही आर्थिक असमानता के सबसे भयावह स्वरूप का सामना कर रहे हैं, इसी कारण विनोबा भावे के सर्वोदय व भूदान आन्दोलन की प्रासंगिकता व उपयोगिता पर विचार विमर्श करने का समय आज आ गया है क्योंकि यह विमर्श समय की आवश्यकता है, इसी कारण इस विषय पर शोध पत्र लिखने की आवश्यकता महसूस की गई। प्रस्तुत शोधपत्र में अग्रलिखित उद्देश्यों पर प्रकाश डाला जाएगा।

पल्लवी नन्दी, शोधार्थी रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ने अपने शोध पत्र **विनोबा भावेजी का राजनीतिक चिंतन** में बताया कि विनोबा भावेजी का राजनीतिक चिंतन मानवतावाद पर आधारित है। जिसमे नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का सर्वोच्च स्थान है। इन्होनें पश्चिम की सत्तात्मक राजनीति को दोषपूर्ण बतलाकर अहिंसा धर्म और आध्यात्मिकता के आधार पर राज्य और राजनीति की नवीन कल्पना की है। भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ एवं उदात्त आदर्शो के प्रति समर्पित उनके चिंतन में प्रेम,अहिसां,स्वतंत्रता,समानता एवं न्याय को राजनीतिक जीवन में प्रस्थापित करने का

सम्पूर्ण आग्रह है।उनका राजनीतिक चिंतन गांधी जी द्वारा अनुप्राणित सर्वोदय दर्शन का ही विकसित रूप है,जिसमें गांधीवादी मूल्यों की गहरी पैठ है। विनोबाजी ने अहिंसक राजनीतिक व्यवस्था के विचारो को अपने महत्वपूर्ण ग्रन्थ,स्वराज्य शास्त्र, में प्रस्तुत किया है। एक सैद्धान्तिक व्याख्याकार के रूप में राजनीति, राज्यपद्धति, सर्वोदय (साम्ययोग) लोकतंत्र ग्रामस्वाराज्य लोकनीति एवं लोकशक्ति आदि की इन्होनें जो व्याख्या प्रस्तुत की वह शास्त्रीय एवं तार्किक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। विनोबाजी ने राजनीति की जगह लोकनीति का विचार दिया जो दलगत सत्तात्मक राजनीति के विकल्प के रूप में विनोबा के चिंतन में आती है। वर्तमान शासन की दण्डशक्ति को हिंसाधारित मानते हुये लोकशक्ति का सर्मथन किया जो नागरिको की अहिंसक स्वावलम्बी शक्ति का सूचक है। ग्रामस्वराज्य के रूप में विनोबाजी ने स्थानीय शासन को राजनीति विकेन्द्रीकरण की योजना के अन्तर्गत पुनर्जीवित किया। राज्य के बदले उन्होनें स्वराज्य का विचार दिया जो व्यक्ति के आत्मशासन की अवस्था है। विनोबाजी का राजनीतिक आदर्श शासनमुक्त, विकेन्द्रित ग्रामाधारित अहिंसक समाज व्यवस्था का निमार्ण है। सर्वोदय के लिये शासनमुक्ति अनिवार्य है यह संकल्प उनके राजनीतिक विचारों से स्पष्ट परिलक्षित होता है। क्योंकि उनके चिंतन में राज्य के बदले प्राज्य, शासित के बदले स्वाशासित, हिंसक के बदले अहिंसक शासनमुक्त समाज का आदर्श है। आज के वैज्ञानिक युग में उन्होने संकीर्ण व स्वार्थपूर्ण राजनीति की जगह अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से पूर्ण सर्वोदय दर्शन की पूर्ण प्रतिष्ठा पर जोर दिया। इस प्रकार विनोबाजी का मत है कि व्यक्ति की समूह में रहने की प्रवृत्ति ओर प्रकृति पर विजय प्राप्त करने की भौतिक आवश्यकता के साथ–साथ सामाजिक जीवन में पारस्परिक सम्बन्धो की सुव्यवस्था एवं जीवकोपार्जन के साधन प्राप्त करने की लालसा राजनीति अथवा राजनीति संगठन के विचार को जन्म देती है।[1]विनोबाजी के अनुसार प्राचीन काल में महत्वपूर्ण बात यह भी थी कि राज्यो में ऋषियों का अनुशासन था।[2] अर्थात राज्यकार्यो में राजा ऋषियों की सलाह से कार्य करते थे। राज्य के कार्य सीमित थे वह केवल संघर्ष और संकटो को दूर करने में मदद करती थी। लोक जीवन स्वातंत्र था। "व्यपारी, किसान,उत्पादक,और अन्य धंधे में संलग्न लोग स्वेच्छा से कार्य करते थें।राज्य का निजी कार्यो में कोई हस्तक्षेप नहीं था।"[3]विनोबाजी के अनुसार "राज्य अपनी नाभिकीय शक्ति के कारण वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व के विनाश की क्षमता रखते हैं।" यह राज्य की हिंसा की ओर बढ़ती प्रवृत्ति है। उनके मत में "आधुनिक राज्यो की हिंसा शक्ति को सीमित करना, रोकना या अनुशासित करने की आशा रखना एक तरह का भ्रम है। इस सन्दर्भ में मानवता को बचाने का सबसे महत्वपूर्ण विकल्प यही होगा की हम ऐसे समाज के निर्माण का प्रयास करें जहाँ पर राज्य की बाध्यकारी शक्ति का सर्वथा अभाव हो।"[4] राज्य के हमारे आन्तरिक व बाह्य जीवन में पूर्ण एकाधिकार कर लिया है, अतएव दण्ड मुक्त शासनमुक्त सामाज के निमार्ण के लिये राज्य की समाप्ति अनिवार्य है। विनोबाजी ने कहा "हम राज्य नहीं स्वराज्य चाहते है। "स्वराज्य हर एक का अपना राज्य।"[5] उनके मत में "राज्य या सरकार हिंसापूर्ण होती है जबकि स्वराज्य की स्थापना अहिंसा के बिना असंभव है। अतएव हमें राज्य की इच्छा करनी चाहिए।"[6]विनोबाजी राज्यशक्ति और राज्यसत्ता के स्थान पर लोकशक्ति और लोकसत्ता चलाना चाहते है। लोकशक्ति की हिंसाशक्ति,और 'दण्डशक्ति' से भिन्न स्वतंत्र जनशक्ति

है। विनोबाजी राज्य की पूर्ण सार्वभौमिकता का निषेध करते है और व्यवहारिक रूप से संप्रभुता का वितरण जनजीवन में करने का सर्मथन करतें है। विनोबाजी के अनुसार राज्य अपनी बाध्यकारी शक्ति का प्रयोग पुलिस, न्यायालयों और बहुमत के शासन के आधार पर करता है अतः "सर्वोदय के अंतिम आदर्श में हम शासन मुक्त समाज की कल्पना करते है।"[7]विनोबाजी काआदर्श एक अहिंसक एवं विकेन्द्रित शासन व्यवस्था के स्थापना के निर्माण का है। जहॉ व्यक्ति दमन और शोषण से पूर्णतया मुक्त होगा। विनोबाजी ने शास्त्रीय ढंग से सम्पूर्ण शासन पद्धतियों का वर्गीकरण और विशलेषण प्रस्तुत किया। साथ ही उनके गुण–दोषो पर भी प्रकाश डाला है। सामान्य दृष्टि से उन्होने शासन पद्धतियों के तीन भाग किये है –"एकायतन,अनेकायतन,सर्वायतन।"[8]"एकायतन शासन पद्धति में समर्थ व्यक्ति सभी के लिए व्यवस्था करता है। अनेकायतन पद्धति में अनेक समर्थ व्यक्ति मिलकर सभी के लिए व्यवस्था करतें है और सर्वायतन पद्धति में सब मिलकर समान उत्तरदायित्व के साथ अपनी व्यवस्था करतें है।"[9] उनके अनुसार "एकायतन पद्धति अर्थात एक व्यक्ति का शासन प्रारंभ से चला आ रहा है। भारतीय रियासतों एवं अन्य राज्य तंत्रों से इसी प्रकार का शासन रहा है अनेकायतन के दो रूप है– अल्प संख्यातन, बहुसंख्यातन। नाजी, फासिस्ट और सम्राज्यवाद , अल्पसंख्यातन के उदाहरण है। बहुसंख्यातन का उदाहरण रूसी साम्राज्यवादहै। सर्वायतन का दावा प्रचलित प्रजातंत्र में किया जाता है, जो वास्तव में नहीं है।"[10]

डॉ. पंकज अग्रवाल, funs"kd] fo|k efUnj इन्स्टीटयूट, मोदीनगर ने अपने षोध पत्र **मानवता के प्रबल समर्थक : विनोबाजी** में बताया कि ''euq"; funZयी होता है, परन्तु मानव दयालु होता है'' विष्व कवि रवीन्द्र नाथ ठाकुर का यह कथन एक सारगर्भित विरोधाभास की अभिव्यक्ति करता है। मानव, मनुष्य होता है,परन्तु प्रत्येक मनुष्य, मानव नहीं होता। मानव एक विकसित पषु है जिसकी पाषविक वृत्तियाँ बलवती रहती है। पषुत्व की सीढ़ी पर चढ़कर ही जीव मनुष्य का अभिधान प्राप्त करता है और जब वह पाषविक वृत्तियों पर विजय प्राप्त कर लेता है अथवा जब उसकी पाषविकता कुंठित हो जाती है, तब वह पषुपति होकर षिवत्व को प्राप्त होता है। मनुष्य का षिव रूप ही वस्तुतः मानव है। मनुष्य जब षिव के समान विष्व के हलाहल का पान करके अमृत की वर्षा करने लगता है, तब वह मानव कहे जाने का अधिकारी बन जाता है। समस्त आदर्ष एवं अवतारी पुरुष सच्चे मानव ही तो थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने ठीक ही कहा है कि ''मनुष्य का दानव होना उसकी हार है, महामानव होना चमत्कार है और मानव होना उसकी विजय है'' मानवता की प्राप्ति मनुष्य जीवन की समस्त उपलब्धियों की चरम परिणति है जो केवल भगवत कृपा से ही प्राप्त होती है स्वार्थ–सिद्धि मे परम सामर्थ्य को प्राप्त करके मनुष्य के लिए देवता बन जाना आसान है परन्तु अपने जीवन को परमार्थमय बना देना यदि असम्भव नही है तो दुष्कर अवष्य है

बस कि दुष्वार है हर काम का आसां होना।

आदमी को भी मुअस्सर नही इन्सां होना।।

मीर साहब ने तो यहाँ तक कह दिया है कि आदमी के लिए फरिष्ता हो जाना आसान है, मगर 'इन्सान' होना बहुत दुष्वार है।

मनुष्यता की पहचान वास्तव में सम्बन्ध–भावना है। प्रायः प्रत्येक जागरूक एवं प्रबुद्ध व्यक्ति जानता है कि विष्व के कण–कण में जीवन का स्पन्दन है और वह चेतना द्वारा अनुप्राणित है। परन्तु विष्व के प्रत्येक कण के साथ सम्बन्ध–निर्वाह की अनुभूति बिरलों को ही होती है। जिनका हृदय इतना विकसित एवं उदार होता है कि उसमें विष्व का प्रत्येक कण स्थान पा सकता है, वही मनुष्य विष्वात्मा के साथ एकात्म की अनुभूति प्राप्त करके मानव कहे जाने का अधिकारी होता है।

''मानवता प्रकाश की वह नदी है, जो ससीम से असीम की ओर, शान्त से अनन्त की ओर बहती है'' खलील जिब्रान के इस कथन का तात्पर्य वही समझ सकता है, जिसने विष्व के सुख दुख को अपना सुख–दुख बना लिया है। वैयक्तिक पीड़ा जब समष्टिगत वेदना की भाव–भूमि पर पहुँच जाती है, तब वह 'मानवतावाद' का रूप धारण कर लेती है। यह वस्तुतः आत्मनिष्ठता का उन्नयन एवं उदात्तीकरण है पुराण प्रसिद्ध रंतदेव का यह कथन एक सच्चे मानव की विष्व–वेदना की अनुभूति का उच्चार है

डा0 प्रकाश चन्द्र, अतिथि सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग, एम.बी.राज. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड) ने अपने शोध पत्र **आचार्य विनोबा भावे का दर्शन एवं सर्वोदय** में बताया कि सर्वोदय शब्द का प्रयोग गाँधी जी ने सबसे पहले रस्किन की पुस्तक "Unto this last" के हिन्दी रूपान्तर के शीर्षक के लिए किया था जिसने कि उनके जीवन पर गहरा प्रभाव डाला था। यह शीर्षक अत्यन्त सारगर्भित है। यह गाँधीवाद को एक विशिष्ट श्रेणी में रखता है। सर्वोदय का अर्थ सब का उदय, अर्थात् उत्थान और कल्याण।

विनोबा भावे के शब्दों में "कुछ का या बहुतों का या अधिकतम का उत्थान नही चाहता। हम अधिकतम के अधिकतम सुख से संतुष्ट नहीं हैं। हम तो केवल एक ही और सभी की, ऊँचे और नीचे, सबल व निर्बल की, बुद्धिमान व बुद्धिहीन की भलाई से ही संतुष्ट हो सकते हैं, केवल तभी हम सन्तुष्ट हो सकते हैं। सर्वोदय शब्द इस उत्कृष्ठ और सर्वव्यापक भावना को अभिव्यक्त करता है।"

सर्वोदय – विनोबा भावे जी का विचार था कि आज के संसार में प्रत्येक व्यक्ति को उत्थान की आवश्यकता है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का पतन हो चुका है। धनिकों का पतन बहुत पहले हो चुका है और निर्धनों का उत्थान नहीं हुआ है। दोनों को उत्थान की आवश्यकता है। इस दृष्टि से सर्वोदय मार्क्सवाद तथा अन्य प्रकार के समाजवाद से श्रेष्ठ है। इसे समाजवाद का सर्वोत्तम तथा उत्कृष्टतम रूप माना जा सकता है। सर्वोदय के अनुसार सामान्य हित के लिए व्यक्ति के हितों का बलिदान किया जा सकता है परन्तु मार्क्सवाद तथा पश्चिम में किसी अन्य प्रकार के समाजवाद के विषय में यह कह नहीं सकते।

यह बात तो बड़ी सुगमता से हमारी समझ में आ सकती है कि जो लोग गरीब हैं, कमजोर हैं, शोषित और दलित हैं, उनका उत्थान करना आवश्यक है किन्तु यह बात समझ में आनी बड़ी कठिन है कि सबल, धनी, बुद्धिमान तथा उच्चासीन व्यक्तियों का उत्थान क्यों और किस प्रकार होना है। विनोबा भावे जी कहते हैं कि हमारे इस अपूर्ण

संसार में प्रत्येक को उत्थान की आवश्यकता है, क्योंकि प्रत्येक का पतन हो गया है। धनी लोग नैतिक और आध्यात्मिक रूप से गिरे हुए हैं उनका धन दूसरों के शोषण पर और इसलिए असत्य और हिंसा पर आधारित है। स्वेच्छापूर्वक अपने फालतू धन का परित्याग करके वे आध्यात्मिक रूप से उठते हैं। निर्धन लेागों को, जीवन की भौतिक आवश्यकतायें सदैव त्रस्त करती रहती हैं। बहुत ही वास्तविक रूप में सर्वोदय सबका उत्थान करता है, गरीबों का भौतिक रूप से और अमीरों का आध्यात्मिक रूप से। यह बात उस उपयोगितावाद से जिसका कि ध्येय अधिकतम का अधिकतम सुख है तथा अन्य विचारधाराओं से जिनका उद्देश्य समाज के किसी वर्ग विशेष का कल्याण करना है सर्वोदय को विशिष्ट बना देती है।

आचार्य विनोवा भावे के दर्शन एवं सर्वोदय शोध पत्र के लेखक प्रो० डॉ श्री भगवान सिंह, विभागाध्यक्ष दर्शन शास्त्र विभाग, राम नगीना सिंह कॉलेज, मनेर, पटना,बिहार ने बताया कि आचार्य विनोवा भावे का जन्म 11 सितम्बर 1895 को गगोड़े महाराष्ट्र मे हुआ था । वे हिंदू धर्म के ब्राह्मण जाती के थे । उनके पिता का नाम नरद्वरी शम्भू एवं माता का नाम रुक्मिणी देवी था । उनका मृत्यु 15 नवम्बर 1982 मे हुआ था । वे मूल रूप से लेखक, समाज सुधारक, चिन्तक, स्वतंत्रता सेनानी थे ।आचार्य विनोवा भावे जी का शिक्षा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय मे हुआ था, यहीं गाँधी जी के भाषण से प्रभावित हो गये । आचार्य विनोवा भावे जी गाँधी जी के आश्रम मे रहते थे । वे गाँधी जी के दर्शन से काफी प्रभावित थे उनके विलक्ष्ण प्रतिभा के कायल थे, भारतीय राष्ट्रवाद के एक निर्विवाद नेता के रूप में गाँधी के उदय के लिए इस वातावरण मे आज सम्पूर्ण विश्व मे सामान्यतरू और भारत मे विशेषतरू संक्रमित एवं मूल्यहीनता व्याप्त है । इसके कारण है सतत वैचारिक संघर्ष, जातीय द्वेष, धर्म का नीति एवं अध्यात्म से च्युत होना, हिंसा, ईष्या, घृणा तथा अलगाव का समाज एवं संस्कृति मे बढना आदि आज समाज समृद्धि और गरीबी, स्वतंत्रता शोषण, समाजसम्बंध एवं तनाव, विज्ञान और अध्यातम के विरोधाभाष मे फंसा हुआ है । इस विकट स्थिति मे गाँधी के जीवन दर्शन की प्रासंगिता को आज विश्व समाज, सबसे अधिक महसूस कर रहा है । मानव स्वाभाव, सामाजिक रिश्ते और संघर्ष से उत्पन्न अनूभुति एवं अस्तित्व के गर्व से उत्पन्न विचारो के आधार पर गाँधी ने अपने जीवन दर्शन का ताना बाना बुना है । गाँधी ने सत्य अहिंसा आदि शास्वत साधनों के द्वारा मानव समाज के उद्धार के लिए एक नूतन प्रयोग पद्धति का आविष्कार किया जो अध्यात्म और अधिभूत तथा स्वार्थ एवं परार्थ के बीच पैदा करने वाले विरोधी तत्वों को नाश करने व सत्य ही अध्यात्म के साथ योग करके विशुद्ध नैतिक आधार पर समाज का नवनिर्माण करने मे समर्थ है । गाँधी ने विश्व से हिंसा आदि दोषों को हटाने के लिए न केवल अर्जित किया अपितु उसका उपदेश भी दिया । इतना ही नही उन्होने हिंसा का समाज से समूल उन्मूलन के लिए मन और क्रिया मे तादात्मय करके सत्याग्रह नामक अध्यात्मिक चमत्कार को प्रस्तूत किया । आज आवश्यकता इस बात की है कि हम गाँधी के विचारो पर पुर्नमूल्यांकन करे और समसामयिक समाज मे उसकी प्रासंगिकता पर विचार विमर्श करे, प्रस्तुत विचारों के धारण करने मे सबसे उपर सर्वोदय परम्परा के आचार्य विनोवा भावे के चिंतन मे कर्म का महत्व है । सर्वोदय का अर्थ है सबका उदय और सबके द्वारा उदय । सब लोग जियें और एक दूसरे के साथ जिये । शास्त्रीय

परिभाषा मे जीवन का विकास और जीवन का अधिक से अधिक विस्तार । दुनिया मे जीवन का विकास और विस्तार करना है तो इस विषय मे चाहे आस्तिक हो या नास्तिक अर्थवादी हो या भौतिक विज्ञानवादी हो या राजनीतिज्ञ किसी को कोई आपति नही होगी । इसे सभी स्वीकार करेंगे ।

डॉ0 राखी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज, सतीकुण्ड, कनखल, हरिद्वार ने अपने शोध पत्र **बिनोवा भावे का स्त्री सशक्तिकरण संबंधित विचार** में बताया कि विनोबा भावे की पहचान समाज सुधारक, आध्यात्मिक गुरु, एक अहिंसावादी स्वतंत्रता सेनानी के अलावा महात्मा गांधी के अनुयायी के रूप में स्थापित है। जो समाज में समानता लाने एवं अहिंसात्मक रूप से सामाजिक परिवर्तन एवं गरीबों एवं पिछड़ों के उत्थान के प्रणेता के रूप में भी स्थापित हैं। विनावा भावे का जन्म 11 सितम्बर 1895 ई0 को महाराश्ट्र के कोलाबा जिले में हुआ था। वे बचपन से ही चिन्तनशील एवं गंभीर प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। अपनी देशभक्त एवं धर्मपरायण माता के प्रेरणा से आजीवन अविवाहित रहकर गांधी के सम्पर्क में रहते हुए देश सेवा में लगे रहे। इन्होने सारे देश में पदयात्रा कर भूदान, ग्रामदान, सम्पत्ति दान की प्रेरणा देकर देश में सामाजिक आर्थिक क्रांति लाने का प्रयास किया। सर्वोदय विचार, गीता प्रवचन ईशावास्योपनिशद, स्थितप्रज्ञ–दर्शन, स्वराजशास्त्र, तीसरीशक्ति, भूदान यज्ञ, सर्वोदय यात्रा, राजघाट की सन्निधि में, इनकी प्रमुख रचनाएं हैं।

गांधी जी के प्रभाव में विनाबा भावे में भारत की स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। 1940 में गांधी जी ने इनको पहला सत्याग्रही बताया। विनोबा भावे के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में उनका भूदान आंदोलन प्रमुख था। उन्होंने भूमिहीन किसानों को भूमि का छठवां हिस्सा भूमिहीन किसानों को देने के लिए प्रेरित करते रहे।

ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना के समय के पहले से ही भारत में महिलाओं की सामाजिक राजनीतिक, सांस्कृतिक स्थिति अत्यन्त दयनीय दशा में थी। इस समय बाल विवाह बहुविवाह, दहेज प्रथा, विधवा–विवाह निषेध एवं सती प्रथा इत्यादि कुरीतियां समाज में और भी अधिक पकड़ बनाए हुए थी। भारत में ब्रिटिशराज के प्रभाव से तथा शिक्षा का माध्यम विदेशी भाशा कर दिये जाने से भारतीय जीवन पद्धति और राश्ट्रीय चरित्र में नये परिवर्तन प्रारम्भ हुए। इस काल में स्वतंत्र रूप से महिलाओं को मांगने और व्यवहारिक नियमों में किसी प्रकार के परिवर्तन करने के अधिकार नहीं थे। पारम्परिक दृष्टि से महिलाओं का कार्य क्षेत्र घर था। घर से बाहर का कार्य पारिवारिक सम्मान के विरूद्ध था। वह परिवार की संचालिका थी लेकिन व्यवहारिक रूप से सारे अधिकार पुरूषों के पास थे। उनके बिना महिला किसी भी प्रकार का कोई भी पारिवारिक या सामाजिक निर्णय नहीं ले सकती थी। इस कारण उसकी पारिवारिक एवं सामाजिक स्थिति में गिरावट आती चली गई। विनाबा भाव सर्वोदयी विचारधारा द्वारा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए प्रयत्नशील थे क्योंकि सर्वोदयी विचारधारा में समाज के प्रत्येक वर्ग का उत्थान निहित था। इस समय भारतीय महिलाओं की सामाजिक स्थिति देखते हुए उन्होंने अपने अनेक सम्भाषणों में महिलाओं के उत्थान की बात कहीं और उसको अपने सर्वोदयी समाज की रचना में स्त्रियों को पुरुषों की बराबरी का अधिकार दिया।

डॉ0 रीता प्रताप, भूगोल विभाग, पटना ने अपने शोध पत्र **आचार्य विनोबा भावे– भारतीय परिदृश्य के साम्यवादी** में उल्लेख किया कि नारी शक्ति देवी रूप मे या गृहस्थ नारी के रुप मे पर्यावरण संरक्षिका के प्रतिक के रुप मे है, प्रारम्भिक गुप्तकालिन मृण्मुद्राओ पर मातृदेवों की प्रतिमा लगभग इसी रूप मे मिलता है । नारी की प्रजनन शक्ति की उपासना, दृश्यमान जगत के उत्पति एवं पालन सम्बंधी कार्य मे मातृशक्ति की भुमिका मानव अस्तित्व के लिए समान रुप से महत्वपूर्ण है । वन देवी को ही ऋग्वेद मे आरण्यानी कहा गया है भारतीय संस्कृति मे मातृशक्ति के रुप मे कार्य एवं महत्व की ओर संकेत करने वाली सुविचारित स्त्रिलिंग वाचक संज्ञा है । औषधियों को माताएँ एवं देवियाँ बताया गया है, आधुनिक सभ्यता मे महिलाएं इसकी पूजा करती है ।

आचार्य विनोबा भावे के अनुसार महिलाओं के उत्थान के लिए उनका विचार जो था कि प्राचीन भारतीय समाज मे महिलाओं की सामाजिक स्थिति कुछ भी रही है, किंतु मनु–स्मृति मे जो मनु ने नारियों के संदर्भ मे कहा है उसके पश्चात नारी जो अवनति और दुर्गति हुई है । इसका परिणाम यह रहा है कि आज के स्वतंत्रत भारत मे भी महिलाओं को बराबरी का दर्जा प्राप्त नही हुआ है । नारी उत्थान के संदर्भ मे आचार्य विनोबा भावे ने अपने भाषणों, लेखों, व्यवहारों, चिंतन और ग्रंथों मे बाल–विवाह, विधवा पुर्नविवाह स्त्रियों की संपति मे हिस्सेदारी शिक्षा तथा स्वतंत्रता उनके प्रति मान–सम्मान का व्यवहार जैसे मुद्दों को बदला जाए । ताकि स्त्री–पुरुष को सामान स्तर अवसर और अधिकार सुलभ हो । इन सभी के बावजूद भी यह आवश्यक है कि समाज मे महिलाओं को यह मालूम होना चाहिए कि उसके अपने सामाजिक, आर्थिक, संवैधानिक एवं पारिवारिक अधिकार कौन–कौन से है और उन्हें स्वतरू ही उनके लिए संगठित होकर संघर्ष करना चाहिए । जैसा कि वर्तमान मे विविध नारी मुक्ति आंदोलन के संचालन मे अभिव्यकत हो रहा है । इस प्रकार मानव सभ्यता के विकास का मूल आधार नारी ही रही है । वनस्पति जगत का मानव जीवन प्राचीन काल से अविछिन्न प्रभाव रहा है । वनस्पति जगत एवं मातृ शक्ति मानव जीवन मे पूर्णता लाने वाली शक्तिया है जो अनेक संभावनाओं से परिपूर्ण है । वनस्पति एवं मानव अस्तित्व दोनो सहगामी है, परस्पर आश्रित है, इनमें एक मे चेतना है और दूसरा चेतन व चेतनशील है । आचार्य विनोबा भावे ने भारतीय समाज मे एक ऐसे समाज का निर्माण चाहते थे, जिसकी नींव न्याय, समानताव शांति पर आधारित हो । इस महती उद्देश्य की प्राप्ति हेतु यह परमावश्यक था कि समाज के दो आधारभूत अंगो पुरुष व स्त्री के बीच समानता के सभी तत्व सुनिश्चित व सुनियोजित हो । देश समन्वित व शांतिपूर्ण विकास के लिए यह लंगिक समानता पुर्व निर्धारित शर्त है । आचार्य विनोबा भावे के शब्दों मे स्त्री के गौरांवित करते हुए कहाँ स्त्री–ईश्वर की सर्वोत्कृष्टव्यृति है वह अहिंसा की अवतार है तथा अपने धार्मिक आग्रहों कि परिप्रेक्ष्य मे वह पुरूष जाति से कोसो आगे है । स्त्री के सम्बंध मे भावे जी के समधित सोच व सम्मानपुर्ण भाव का आधार क्या था ? इस पवित्र भाव का पल्वव, पुष्पन व विकास उनमें कब व किन परिस्थितियों मे हुआ था जिनमें विभिन्न स्त्रियों ने विभिन्न रुपों मे उनके जीवन दर्शन को निर्णायक रुप से प्रभावित किया । जिन स्त्रियों ने उन पर गहरी छाप छोड़ी उनमें उनकी माँ व बहन का पहला महत्वपूर्ण स्थान है, इसी तरह आश्रमवासी स्त्रियों मे सजगता व प्रतिबद्धता से वे काफी प्रभावित हुए ।

मानव की यह चिंतनशीलता उसे वनस्पति जगत के पोषण संरक्षण व उसके कल्याणकारी उपयोग का सामर्थ्य प्रदान करती है । जिसमे मातृशक्ति की पूर्णतरू भागीदारी रही है । भारतीय संस्कृति संदर्भ मे वन एवं वनस्पतियाँ महिलाओं के माध्यम से किसी न किसी रुप मे सदैव आश्रित रही है । नारी जीवन पर प्रभाव सैदव सभ्यता मे भी देखने को मिलता है । कुछ मुद्दो पर नारी के गर्भ से निकलता हुआ चित्रित मिला है । वृक्षों मे पीपल पवित्र वृक्ष था । एक अन्य मुद्रा की छाप है जिसमें दो नग्न नारियाँ अंकित है, जो एक–एक हाथ मे ध्वज पकड़े खड़ी है । ध्यजों से पीपल की पतियाँ निकलती हुई दिखाई गई है । वैसे भी ह्डप्पा सभ्यता मे नारी मूर्तियाँ के अवशेह बहुत अधिक प्राप्ति हुए है जो नारी प्रधान समाज का संकेत देता है ।

आचार्य विनोबा भावे की स्त्रीवादी सोच मे दो तत्वों की सर्वाधिक भूमिका है । हर मायने मे स्त्री पुरूष समानता तथा दूसरा दोनो के विशिष्ट लैंगिक मित्रता के मद्देनजर उनके सामाजिक दायित्वों मे भिन्न्ता पुरूषों को पारिवारिक देखभाल की जिम्मेदारी और स्त्रियो को घरेलू प्रबंध मे अपनी भूमिका तय करनी चाहिए और इस तरह दोनो के एक दूसरे के पूरक को भूमिका अदा करनी चाहिए । पुरूष स्त्री की सामाजिक अपेक्षाओं मे विशिष्टता भिन्न्ता परिलक्षित होती है इस लिए उनकी सार्वजनिक व निजी भूमिकाओं मे भी भिन्नता है । एक सहज, स्वाभाविक चीज है । भावे जी का विचार था कि स्त्रियों की सोचनिय दशा ऐतिहासिक परिस्थितियों की वजह से हुई है लेकिन भावे जी ने कहा है कि " महिलाओं के प्रति असामनता व अन्याय का बोध करते हुए यदि मै स्त्री के रुप मे पैदा होता तो मै पुरूषों द्वारा थोपे गये अन्याय का जमकर विरोध करता ।" उन्होने सार्वजनिक क्षेत्र मे स्त्रियों की सक्रिय भूमिका के प्रबल पैरोकार थे । जब 1921 मे महिला मताधिकार का मुद्दा उठा तो उन्होने इसका पुरजोर समर्थन किया क्योंकि सत्याग्रह आंदोलन मोर्चा मे स्त्रियों की उत्साह्पूर्ण व सक्रिय भागीदारी की निर्णायक भूमिका को सराहा था । उनके अनुसार धर्म की मूल भावना की सुरक्षा एक मात्र स्त्रियां की कर सकती है । उन्होने एक चर्च मे कहा था कि समाज की बुनियाद ही घर के अस्तित्व पर टिकी है । वे भारतिय स्त्रियों के वस्त्र चयन व वैचारिक सादगी से काफी प्रभावित थे । देवदासी प्रथा को नैतिक कोढ़ तथा ईश्वर के अवमानना के रूप मे चिहिन्त करते हुए कहा कि उन सड़ी गली समाजिक संस्कृति प्रथाओं को तोड़ना चाह रहे थे, जिन्होने सदियों से स्त्रियों को दोयम दर्जा का नागरिक या वस्तु बना रखा है । आचार्य जी ने दहेज लोभी युवाओं को बहिष्कार की अपील की वह अंतरजातिय व अंतरसामुदायिक विवाह की इस सामाजिक बीमारी की एक कारगर औषधि मानते थे । उन्होने अधिल भारतिय महिला सम्मेलन मे इस आशय का प्रस्ताव पारित किया की म्युनिसिपैलिटी व स्थानिय प्रशासन मे महिलाओं को 50ः आरक्षण 27ः के साथ करें । उन्हें पूरा भरोसा की आर्थिक आजादी महिला के उत्थान मे अहम भूमिका अदा कर सकती है । अतरू ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों मे श्रदेय विनोबा जी ने जो मार्ग दिखाया निश्चित ही वह अपनाने योग्य है जो कि नारी उत्थान मे हमारे देश कि जो समस्या है उसका समाधान यदि हम भौतिक वादी प्रवृतियों की तरफ बढ़ते रहे तो कभी भी नही हो सकेगा । जैसा कि हम मान लेते है कि हमारी प्रमुख समस्या गरीबी है कि हम दीवारों पर अधिक अन्न उपजाओ का जद्रित रात लगा दे तो समस्या का समाधान हो जायेगा । इस समस्या के निवारण

के लिए हमे कर्म करना पड़ेगा । विनोबा जी के अनुसार समाज मे स्त्रियों ने ही सदाचार रखा है । स्त्रियाँ बच्चों को सचरित्र बनायेगी तो देश की अच्छे नागरिक मिलेंगे । आज के परिप्रेक्ष्य मे यह और भी महत्वपुर्ण हो जाता है । जब देश की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाली स्त्री समाज मे हर क्षेत्र मे अग्रणी भूमिका निभा रही है । विनोबा जी के अनुसार संस्कृत मे घृति, मेघा, क्षमा, कीर्ति, वाणी, भक्ति, मुक्ति और वृद्धि से सभी स्त्रीलिंग है ।

रेखा नौटियाल ने अपने शोध पत्र **विनोबा भावे का दर्शन और सर्वोदय** में बताया कि आचार्य विनोबा भावे एक महान स्वतंत्रता सेनानी, संत, राजनीतिक चिंतक, दार्शनिक समाज सुधारक थे। विनोबा भावे अहिंसा और सद्भावना को अपना मूल मंत्र मानने वाले थे। आचार्य विनोबा भावे अपने धर्म के प्रति जितने समर्पित थे उतने ही समर्पित वे देश की स्वाधीनता के लिए थे। देश की आजादी की लडाई में अहिंसात्मक मार्ग पर चलने वाले की गिनती महात्मा गाँधी के परम शिश्यों में थी। उन्हौंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सुधार के कार्यों में समर्पित कर दिया। विनोबा जी ने सर्वोदय समाज की स्थापना की, जिससे निर्बल एवं गरीबों का उत्थान हो सके। सर्वोदय समाज का तात्पर्य प्रत्येक व्यक्ति का उत्थान और नैतिक विकास करना था। यह रचनात्मक कार्यकर्ताओं का अखिल भारतीय संघ था, जिसका उद्देश्य अहिंसात्मक तरीके से देश में सामाजिक परिवर्तन लाना था। इस कार्य के लिए वे पदयात्री की तरह गाँव– गाँव घूमे और भूमि दान करने की याचना की ताकि भूमिहीनों को भमि देकर उनके जीवन में सुधार किया जा सके। वे सदैव देश सेवा में तत्पर रहे और अपने जीवन को सफल किया। विनोबा भावे का जन्म सितम्बर 1895 में महाराश्ट्र के गोगादा गाँव में हुआ था।उनका बचपन का नाम नरहरि विनायक भावे था। उनकी माता का नाम रूक्मिणी बाई एवं पिताजी का नाम नरहरि भावे था। उनके पिताजी की गणित व रसायन विज्ञान मे काफी रूचि थी। उनकी माता जी एक विदुशी महिला थी जिनकी अध्यात्म में विशेश ध्यान था और उसका प्रभाव विनोबा भावे पर पूर्ण रूप से प्रभावी रहा। विनोबा जी का मन अध्यात्म चिंतन एवं समाज सुधार के कार्यों में लगा रहता था। बालक बिनायक को माता – पिता दोनों के संस्कार प्राप्त थे। उनकी वैज्ञानिक सोच तमाम तरह के पूर्वाग्रहों से अलग हटकर सोचने की प्रेरणा अपने पिताजी से प्राप्त हुई जो कि समाल के लिए सकारात्मक दृश्टिकोण जैसे अपने धर्म के प्रति, संस्कृति के प्रति समभाव उदारता एवं प्राणीमात्र के कल्याण लिए अत्यधिक उपयोगी साबित हुई। आचार्य विनोबा भावे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। गणित उनका प्रिय विशय था। बचपन से ही गीता का अध्ययन उनको अध्यात्म की ओर प्रेरित करता रहा और सांसारिक भोगों को व्यर्थ समझतें थे। अध्यात्म की ओर झुकाव हामने के कारण वे एक महान संत भी कहलाए। विनोबा जी की प्रारम्भिक शिक्षा बाद में वे काशी पढने के लिए चले गये। वहाँ पर उन्हौंने संस्कृत विशय का गहन अध्ययन किया। वे एक दिन गाँधी जी का भाशण सुनने चले गये और उनसे प्रभावित होकर उनसे मिलने के लिए उद्धत हो गयें। गाँधी जी ही उनके प्रेरणास्रोत हो गये। विनोबा जी ने गाँधी जी के साथ मिलकर स्वाधीनता संग्राम में बहुत काम किया। उनकी आध्यात्मिक चेतना समाज और व्यक्ति से जुडी थी। इसी कारण संत स्वभाव होने के बावजूद उनमें राजनीतिक सक्रियता भी थी। गाँधी जी द्वारा ही बिनायक को विनोबा नाम दिया गया।

डा0 सचिन रस्तोगी असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विभाग एम.बी. राज0स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड) ने अपने शोध पत्र जिसका शीर्षक **आचार्य विनोबा भावे का भूदान आंदोलन है** में बताया कि आचार्य विनोबा जी को प्रारम्भिक अवस्था में भारत के ग्रामों में रहने वाले दरिद्र जनगण की दुर्दशा का अनुभव हो गया था, उनकी दरिद्रता का मुख्य कारण भूमि पर भारी दवाब था। पिछली जनगणना–अनुसार प्रत्येक छः भारतीयों में पांच ग्रामों में रहते थे, और दस में से सात अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर रहते थे। इस प्रकार देश की सबसे गम्भीर समस्या कृषि थी, जो आज भी है। भूमि, सम्पत्ति का सर्वाधिक मूल्यवान रूप है। भूमि के छोटे से टुकड़े के लिए व्यक्ति शस्त्रों से तथा न्यायालयों में लड़ते हैं। ग्रामों में भूमिपति होना सर्वाधिक सम्मान की बात समझा जाता है। भूमि की समस्या को भूमि के अत्यधिक विषम वितरण ने और अधिक जटिल बना दिया है।

भूदान का जन्म तथा प्रगति – कुछ बड़े भूमिपतियों के पास तीस एकड़ से अधिक भूमि है मध्य भूमिपतियों के पास छः एकड़ से अधिक भूमि है और छोटे किसानों के पास वर्गीय तीन एकड़ से कम भूमि है। प्रथम श्रेणी के भूमिपतियों, जिनकी संख्या कुछ कृषकों का 30% है, के पास कुल भूमि का 58% है, दूसरी श्रेणी के भूमिपतियों जिनकी संख्या 40% है के पास 30% से भी कम भूमि है और छोटे किसानों जिनकी संख्या 30% है, के पास भूमि का केवल दसवां भाग ही है।

इसका परिणाम यह है कि छोटे किसान और भूमिहीन श्रमिक भली भांति अपना पेट भी नहीं भर पाते, और वे दिन–प्रतिदिन दरिद्रता के गर्त में गिरते जा रहे हैं। इस समस्या का समाधान विनोबा जी के मन में तब आया जबकि अप्रैल 1951 में पैदल तेलंगाना का दौरा कर रहे थे। उसकी कहानी इस प्रकार है –

धन के वितरण में घोर विषमताओं तथा भूमिहीन व्यक्तियों की दुर्दशा ने तेलंगाना को साम्यवादियों का लीला क्षेत्र बना दिया था उदाहरण के बलापले ग्राम में जिसकी जनसंख्या 3000 थी और जिसमें खेती की भूमि का क्षेत्र 3000 एकड़ था, भूमि का स्वामित्व केवल 90 परिवारों के पास था और 600 परिवार भूमिहीन थे। उस ग्राम में कोई कुटीर उद्योग भी नहीं था। विनोबा जी ने व्यक्तियों को बताया कि साम्यवाद की प्रगति के लिए धनी व्यक्ति उत्तरदायी है उस समस्या का समाधान पुलिस नहीं कर सकती थी, उसका एकमात्र उपाय भूमि के वितरण में घोर विषमता को दूर करना था ऐसा करने का शांतिपूर्ण उपाय उनके मन में उस समय आया जबकि वे 18 अप्रैल 1951 को पांचमपल्ली में ठहरे हुए थे। उस दिन प्रातःकाल में वे व्यक्तियों की स्थिति देखने के लिए ग्राम में गये और उन्होने दलित क्षेत्र देखा वहां वे एक झोपड़ी में गये और उन्होने एक नवजात शिशु देखा उन्होने स्नेह पूर्वक उस शिशु को अपनी गोद में ले लिया और कहा कि यह बालक कितना सुन्दर है इस स्नेह को देखकर बहुत से दलित वहां एकत्रित हो गये और उन्होने अपने कष्टों की करूणाजनक कहानी विनोबा जी को सुनाई। विनोबा जी ने वह कहानी सुनी और दलितों से फिर अपने से मिलने के लिए कहा।

दलित व्यक्ति वहां एकत्रित हो गये, जहां विनोबा जी ठहरे हुए थे, उनके मध्य कुछ अन्य गैर–दलित भी थे दलितों ने विनोबा जी से कहा, कि यदि हमें कुछ भूमि मिल जाये तो हमारा कष्ट कुछ कम हो जायेगा।

पूछे जाने पर उन्होनें यह भी बताया कि उन्हें लगभग 80 एक़ड़ भूमि पर्याप्त होगी। विनोबा जी ने उन्हें आश्वासन दिया कि मैं तुम्हारे लिए भूमि प्राप्त कराने का प्रयास करूंगा। यह देखकर कि उस सभा में कुछ भूमिपति भी बैठे थे, विनोबा जी ने पूछा कि क्या आप व्यक्तियों में से मुझे कुछ भूमि देंगे, जिससे आपके भाई भूखे न मरें। कुछ क्षणों के उपरान्त एक भूमिपति उठा और उसने दलितों के लिए उपहार स्वरूप 100 एकड़ भूमि पेश कर दी। उस भूदानी का नाम था श्री राम चन्द्र रेड्डी। अगले दिन प्रातःकाल उसने अपनी भूमि का दान पत्र विनोबा जी को भेंट कर दिया। इस प्रकार 18 अप्रैल सन 1951 को पांचमपल्ली में भूदान का जन्म हुआ।

संजीव कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षा विभाग, हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद (मा0ज्यो0 फु0रू0, विश्वविद्यालय, बरेली) ने अपने शोध **आधुनिक भारत के शैक्षिक एवं सामाजिक परिदृश्य में आचार्य विनोबा भावे के शिक्षा दर्शन की प्रासंगिकता** की प्रस्तुति करते हुए करते हुए बताया कि किसी व्यक्ति, समाज अथवा राष्ट्र के जीवन में उच्चता, श्रेष्ठता, उदारता एवं उत्कृष्टता की प्राप्ति शिक्षा पर निर्भर करती है। यही कारण है कि विश्व के श्रेष्ठ विचारकों, दार्शनिकों एवं समाज सुधारकों ने शिक्षा के महत्त्व एवं स्वरूप के विषय में अपने विचार दिये हैं। राष्ट्र के नवजागरण में ऐसे ही अनेक विचारकों एवं समाज सुधारकों ने शिक्षा के अपने विचारों द्वारा अमूल्य योगदान दिया है। ऐसे ही प्रमुख विचारक एवं समाज सुधारक है आचार्य विनोबा भावे। विनोबा जी को भारत का राष्ट्रीय अध्यापक भी कहा जाता है। विनोबा जी ने शिक्षा के दो रूप बताये हैं– आन्तरिक शिक्षा एवं बाह्य शिक्षा। ये दोनों रूप एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने वास्तविक शिक्षा को इन दोनों का सम्मिश्रण माना है। उनके अनुसार समाज निर्माण मूल रूप से एक शिक्षा प्रक्रिया है। वे शोषण मुक्त, वर्ग–भेद रहित एवं वर्ग–विद्वेष से मुक्त समाज का निर्माण करना चाहते थे। इसी लक्ष्य के लिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। विनोबा जी के शैक्षिक विचारों का वर्तमान भारतीय परिप्रेक्ष्य में अध्ययन आवश्यक है, क्योंकि यह सम्भव है कि वर्तमान समय की कई समस्याओं का हल उस विराट व्यक्तित्व के कृतित्त्व में सन्निहित हो।

प्रो. (डॉ.) शशि प्रभा प्रोफेसर एवं अध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज, हरिद्वार ने अपने शोध पत्र **विनोबा भावे का दर्शन एवं सर्वोदय** में बताया कि विनोबा भावे गाँधी जी के उन अनन्य अनुयायियों में से थे जिन्होंने गाँधी जी के बाद भी सर्वोदय की विचारधारा को व्यवहारिक रुप में जीवित रखा। गाँधी जी ने विनोबा भावे को व्यक्तिगत सत्याग्रह के लिए पहला सत्याग्रही चुना[1] विनोबा भावे को उनकी मृत्यु से पूर्व तक 'वर्तमान जीवित महात्मा गाँधी' कहा गया। वे अपने जीवन पर्यन्त एक ऐसे नव जीवन का विकास करने के लिए प्रयत्नशील रहे जिसमें मानव का विकास तेजी से हो तथा नई संस्कृति का विकास हो।[2] समाज में उनका सबसे बड़ा योगदान भूमि समस्या को लेकर रहा। गाँधी जी की मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों ने विनोबा भावे के

परामर्शानुसार 'सर्वोदय समाज' नामक एक 'संगठनहीन संगठन' की स्थापना की और इस प्रकार 'सर्वोदय' शब्द प्रचलित हुआ।[3]

'सर्वोदय' का सीधा सरल अर्थ 'सबका उदय या उन्नति' है। सर्वोदय की विशेषता उनकी समन्वयात्मक प्रवत्ति है। यह सभी विचारों के अच्छे अंश को ग्रहण करता है और दोषों को छोड़ देता है। इसका आधारभूत सिद्धान्त 'अद्वैत' है, अर्थात सर्वोदय विचार सम्पूर्ण सृष्टि की, जिसका मानव एक अंग है, एकता में विश्वास रखता है और इसलिए यह नहीं मानता कि व्यक्तियों, समूहों, वर्गों तथा राष्ट्रों के हित भिन्न–भिन्न और विरोधी हो सकते हैं।[4] 'सर्वोदय' में यह मान्यता निहित है कि मानव आत्मा पवित्र है और स्वतंत्रता, समानता, न्याय तथा बन्धुत्व के आदर्शों को हमें अत्यधिक महत्व देना चाहिए।

'सर्वोदय' भावना और आचरण का एक अच्छा उदाहरण समाज में कुटुम्ब वाला न्याय लागू होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति दूसरो की चिंता रखे और अपनी चिंता ऐसी न करे जिससे दूसरे को तकलीफ हो। यही कुटुम्ब में होता भी है। इसी को 'सर्वोदय' कहते हैं। सर्वोदय का संदेश है कि पूरे समाज में इसी प्रकार की कौटुम्बिक भावना पायी जानी चाहिए।[5]

सर्वोदय ऐसे वर्गविहीन, जातिविहीन और शोषणविहीन समाज की स्थापना करना चाहता है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति और समूह को अपने सर्वांगीण विकास के साधन और अवसर मिलेंगे। यह क्रान्ति सत्य और अहिंसा द्वारा ही सम्भव है। सर्वोदय इसी का प्रतिपादन करता है, सर्वोदय इस बात को स्वीकार नहीं करता कि मानव का आपस में विरोध हो या एक का हित दूसरे के हित के विरुद्ध हो। सर्वोदय में आत्मनिर्भरता का भाव निहित है, इससे यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपनी कमाई का खाना चाहिए, दूसरे की कमाई का नहीं खाना चाहिए। हमें अपना भार दूसरों पर नहीं डालना चाहिए। यदि हम इन नियमों का पालन करें तो सर्वोदय समाज का प्रचार दुनिया में हो सकेगा। सर्वोदय अस्पृश्यता को मानवता के लिए सबसे बड़ा कलंक मानता है। यह एक बड़ी कष्टमय स्थिति है कि हम भंगी को अछूत करार देकर उससे ऐसा काम कराते हैं कि उसे फिर दूसरे धंधों में प्रवेश न मिले। इस गुलामी से तो हमें उन्हें मुक्त करना ही पड़ेगा, इसके लिए हम सबको भंगी बनना चाहिए या उस काम को ऐसा स्वरुप देना चाहिए जिसे हर कोई कर सके।[6]

सोनिका देवी शोध छात्रा इतिहास विभाग मेरठ कॉलेज, मेरठ ने अपने शोध पत्र **'आचार्य विनोबा भावे का दर्शन एवं सर्वोदय'** मे उल्लेख किया कि आचार्य विनोबा भावे को उनकी मृत्यु से पूर्व तक ''वर्तमान के जीवित महात्मा गाँधी'' कहा जाता था। वे भारत वर्ष के **महान सन्त**, **दार्शनिक सामाजिक** एवं **आर्थिक विचार, भूदान आन्दोलन** के प्रणेता और **सर्वोदय के अग्रदूत** के रूप में हमारे सम्मुख प्रस्तुत है। विनोबा जी का उद्देश्य था– **शासन विहीन और शोषण विहीन समाज की स्थापना** उन्होने गांधी जी के सर्वोदय दर्शन को साकार रूप देने का भरसक प्रयत्न किया। उन्होने गांधी जी के क्रांति एवं शान्ति के संदेश को जीवित रखने तथा उसे यथार्थ रूप देने में अपना सम्पूर्ण जीवन

समर्पित कर दिया। भारतीय राजनीतिक चिन्तन के इतिहास में विनोबा का विशेष दर्जा प्राप्त है। उन्होने हिंसा के सिद्धान्त को मूर्खतापूर्ण बताया।

गाँधी जी के विचारों को आदर्शवादिता के रचनात्मक कार्यक्रम में परिवर्तित कर अपने कथन की पुष्टि की है कि गांधी जी के विचार व्यवस्थित न होते हुए भी सही चिन्तन की शक्ति से युक्त है। सामाजिक समानता एवं न्याय के प्रतीक विनोबा ने भूदान, ग्रामदान आदि के द्वारा सम्यवाद का धार्मिक विकल्प प्रस्तुत किया। विनोबा जी के विचार अत्यधिक स्पष्ट और मानवतावादी है। लेकिन इनका आदर्श अपनी पराकाष्ठा पर नजर आता है क्योंकि वे ग्रामीण स्तर से जिस प्रकार के समाज और वातावरण के निर्माण की बात करते है, वह वस्तुतः ग्राम में ही शून्य के समान है।

विनोबी जी का असली नाम तो **विनायक नरहरि भावे** था परन्तु भारत में वे सन्त विनोबा अथवा 'आचार्य विनोबा भावे' के नाम से प्रसिद्ध हुये। विनोबा भावे ऐसे विद्वान थे जिनको वेद–वेदान्त गीता जैसे अनेक शास्त्र–ग्रन्थों का गहरा अभ्यास था तथा जिसे वे अपने जीवन में चरितार्थ करने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे इसलिए सुशिक्षित लोगों के जगत में वे आचार्य नाम से सुसज्जित हुए।

विनोबा भावे का जन्म सितम्बर 1895 में महाराष्ट्र प्रान्त के कोलवा जिले के **गागोदा** नामक गांव के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम **नरहरि शंभुराव भावे** था उनकी माता **रूक्मिणी देवी** कर्नाटक के गोडबोले परिवार की कन्या थी। प्राकृतिक हरियाली से घिरा हुआ **गागोदा** एक **छोटा सा गांव** था। जिसके कारण विनोबा को बचपन से ही प्रकृति से लगाव हुआ उनका यह प्रकृति प्रेम जीवन के अंतिम क्षणों तक बना रहा। महान सत्यनिष्ठा ही सर्वोदय की बुनियाद है।

आचार्य विनोबा भावेः सामाजिक न्यायिता का राजनीतिक विमर्श शोध पत्र के लेखक **डा0 तीर्थ प्रकाशएसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय मंगलौरहरिद्वार (उत्तराखण्ड)** ने स्पष्ट किया कि भारतीय ज्ञान दर्शन एवं चिन्तन के सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक पटल पर यूं तो अनेक महान आत्माओं की उपस्थिति गौरान्वित करती है। किन्तु एक राश्ट्रीय शिक्षक, सर्वोदय के वास्तविक शिल्पकार, श्रम के पुजारी और सच्चे अर्थो में गांधी के उत्तराधिकारी आचार्य विनोबा भावे अद्वितीय है।हम सभी जानते हैं कि मानव जीवन की सबसे बड़ी दुश्वारी निर्धनता है अर्थात गरीबी एक ऐसा अभिशाप है जो सभी प्रकार के शोशण का कारक है। यह आदमी के आत्म सम्मान को नश्ट कर देती है। उसे बेकारी, बीमारी और अज्ञानता के कुचक में जकड़ कर समाज के अन्तिम पायदान पर रहने को विवश कर देती है। वर्तमान भारतीय समाज भी उक्त सभी दानवों का शिकार है। महाराश्ट्र के एक गाँव गागोदा में 11 सितम्बर 1895 में जन्मे विनोबा भावे अध्ययनशील व्यक्ति थे, उपनिशद, गीता, ब्रह्मसूत्र, भाश्य पांतजलि, योग दर्शन और गणित का रूचि पूर्ण अध्ययन किया। किन्तु आत्मिक स्वभाव में वे मानवतावादी थे, इसीलिए छोटी उम्र में ही गाँधी जी के प्रभाव में आए और सम्पूर्ण जीवन उनके दर्शन को भारत निर्माण और विश्व वन्दना हेतु समर्पित कर दिया। भारत की धर्म–भूमि में उन्होंने साम्यवाद के फलाव को रोकने के लिए उसके भारतीय संस्करण "**सर्वोदय**" कोवैज्ञानिक आधार प्रदान किया।[1] वे सभी अधूरे लक्ष्य जो गांधी जी

अपनी मृत्यु के पीछे छोड़ गए थे, उन सभी रचनात्मक कार्यो जैसे खादी, ग्रामीण उद्योग, नई तालिम (बुनियादी शिक्षा), स्वच्छता और मानव कल्याण को विनोबा भावे जी द्वारा अन्तिम सांस तक जारी रखा गया। 1921 में उन्होनें वृद्धा आश्रम का प्रभार संभाला और सत्याग्रह के चलते वे 1923, 1932, एवं 1940 में जेल भी गये तब गांधी जी द्वारा उन्हें प्रथम व्यक्तिगत सत्याग्रही कहा गया यही उनके गांधीवादी उत्तराधिकारी होने के प्रमाण थे। अपने सम्पूर्ण जीवन उन्होंने इसी उत्तराधिकारी से भारतीय जनमानस में अन्तोदय और सर्वोदय के लिए कार्य किया। गांधीवादी तमाम विशेशताओं के बावजूद विनोबाभावे ने जिन व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया वे उन्हें भारतीय समाज सुधार के इतिहास में अग्रणी बना देती है। वे जानते थे कि निर्धनता' मानवीय समाज की स्थापना के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। इस स्थिति को बदले के लिए उन्होंने अपने समय के प्रचलित बैन्थम जैसे सिद्धान्तकार के **'अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख'** के उपयोगितावाद को **'सर्वभूत–हिताय**' द्वारा प्रतिउत्तर दिया। उनके चिन्तन में बहुसंख्यक के साथ अल्पसंख्यक वर्ग के हितों की चिन्ता परिलक्षित होती है, जो उपयोगितावाद की बड़ी कमजोरी है। भावे का सर्वोदय आत्मत्याग की भावना पर **'सबके भले में अपना भला'** आधारित मूलमन्त्र को आत्मसात करता है।[2]

भारतीय समाज में शोशण और गरीबी का इतिहास पुरानी रूढ़ियों में जकड़ा हुआ था। इसजकड़न को तोड़कर सामाजिक परिवर्तन की धारा या तो **'लक्ष्य की पवित्रता'** के मार्क्सवादीचिन्तन से लाई जा सकती थी या **'साधनों की पवित्रता'**के गांधीवादी चिन्तन से। विनोबा जीने हिंसा का परित्याग कर अहिंसा को, सामाजिक परिवर्तन का आधार बनाया और साम्यवादकी हिंसक क्रान्ति के स्थान पर सर्वोदय के भारतीय समाजवादी संस्करण को शान्ति, करूणा,त्याग और सत्याग्रह की बुनियाद पर केद्रित किया।

अपनी मूल प्रवृत्ति में सर्वोदय एक आध्यात्मिक क्रिया कलाप है जिसके भीतर अंह प्रकृति को जनकल्याण में बदल देने की शक्ति है। इससे स्वतन्त्र विचारों की अभिव्यञजना उपस्थित है, तो नैतिक उत्थान पर आधारित जनहृदय परिवर्तन, के साथ आर्थिक संसाधनों पर समान स्वामित्व की भावना का निर्देशन मौजूद है।[3]सर्वोदय की इसी भावना एवं लक्ष्य को व्यक्त करते हुए आचार्य भावे कहते हैं– "**सर्वोदय विचारधारा सबके लिए जीवकोपार्जन की व्यवस्था कर सकती है। चरखे के साथ कृषि, गोरक्षा, ग्राम उद्योग, ग्राम सुफाई, नैसर्गोपचार (प्राकृतिक चिकित्सा) और नई तालीम आदि का जोड़ने से तो सर्वोदय कार्यक्रम सर्वापूर्ण हो जाता है। सर्वोदयी व्यवस्था ही जीवनोपार्जन व्यवस्था है और अन्य व्यवस्था तो मरर्णोपार्जन व्यवस्था है।**[4]

विनोबा जी का सम्पूर्ण जीवन यद्यपि गाँधीवादी मूल्यों की पुर्नस्थापना में व्यतीत हुआ किन्तु उनकी प्रतिश्ठा एवं प्रसिद्धी की सबसे महत्वपूर्ण वजह उनका**'भूदान आन्दोलन'** है। इस आन्दोलन द्वारा, भारतीय सामाजिक व्यवस्था में अन्तिम पायदान पर खडे भूमिहीन समाज को स्वावलम्बी और सशक्त बनाकर मानवीय मूल्यों को आत्मसात किया गया था।

विषमताओं पर आधारित, कोई भी समाज मानव कल्याण के अपने उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। मानव उत्थान के सर्वोदय हेतु आचार्य विनोबा भावे द्वारा जीवन – पर्यन्त प्रयास किए गए। वे संसाधनों के असमान वितरण से उपजी भारतीय

समाज में गरीबी, अज्ञानता, बीमारी, बेकारी और शोषण की प्रतिष्ठा का व्यावहारिक समाधान, हृदय परिवर्तन की लोकनीति पर भूदान एवं ग्रामदान को पवित्र संसाधनों से चाहते थे । प्रेम श्रद्धा एवं सहयोग पर वे सामाजिक–सांस्कृतिक परिवर्तन से, एक ऐसे लोकतान्त्रिक परिवेश का निर्माण चाहते थे। जो सर्वांगीण कल्याण में मानवीय गुणों का समावेशी हो । गांधीवादी मूल्यों के सच्चे वाहक रूप में, विनोबा जी ने नैतिक चरित्र के बल पर दल विहीन लोकतान्त्रिक विकेद्रित समाजवादी समाज का प्रयास किया। ऐसे समाज जहाँ धर्मगत, जातिगत, लैगिंक अमीर–गरीब, कमजोर – ताकतवर, बुद्धि जड का प्रभेद शेष न रहे, अपितु सभी के जीवनोपार्जन की व्यवस्था हो विनोबा भावे का सम्पूर्ण दर्शन भारत के जनमानस की चिन्ताओं एवं चुनौतियों के समाधान का वैज्ञानिक ढंग है, जिसे अहिंसा की बुनियाद पर सामाजिक क्रांति का भारतीय साम्यवादी संस्करण कह सकते हैं।

"21वीं सदी की आधुनिकता पर खड़ा भारतीय समाज निरन्तर द्वन्द्व से गुजर रहा है एक ऐसा द्वन्द्व जिसमें आधुनिक बनने की कल्पनाशीलता तो है, किन्तु पौराणिक रूढ़ियों की सामन्ती सोच सामाजिक परिवर्तन की धारा को रोके है। सड़ी–गली अनुकरणीय प्रथाओं ने न केवल पदसोपानीय विभेदों को बढ़ाया है, बल्कि न्यायिता और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित विकास के तमाम सम्भावित मार्गों को अवरूद्ध कर दिया है अथवा उसकी गति को अतिमन्द बना दिया है। परिणामतया समाज में संसाधनों को सकेन्द्रण का विषेषाधिकार वर्ग तैयार हुआ तो दूसरी ओर साधनविहीन, (निर्धनता, भूख, बेकारी, बिमारी) वाला शोषित वर्ग आज भी अपने उदय की बाट जोह रहा है। ऐसे में गांधी के इस देश में सामाजिक परिवर्तन के तीनों आयामों (सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक) के विकास के लिए, उनके सच्चे सत्याग्रही विनोबा भावे के वैज्ञानिक दर्षन पर आधारित समाजवाद के भारतीय संस्करण सर्वोदय कार्यक्रम की नितान्त जरूरत है। जिसे सत्य–अहिंसा के साधनों सिंचित कर तार्किक मानवतावाद और आध्यात्मिकता की पृष्ठभूमि में भू–दान एवं श्रमदान के साथ अन्तोदय किया जा सकें।"विनोबा जी का योगदान भारतीय समाज के उत्थान एवं कल्याण में अविस्मरणीय है। उनका भू–दान आन्दोलन उन्हें अकेले ही विद्वानों की उस श्रेणी में ला खड़ा करता है जो समाज को बदलने में सक्षम रहे। गरीबी और जातीय प्रभेदों को दूर करने के लिए नैतिक साधनों पर आधारित उनका भू–दान यज्ञ वास्तव में सहमतिपूर्ण क्रान्ति बन गयी। ग्राम उत्थान एवं मानवीय कल्याण के लक्ष्य को समेटे उनका साम्य योग सर्वोदय और अत्योदय की बुनियाद को मजबूत करता है। इसमें कतई सन्देह नहीं कि उनका दार्शनिक विचार आज के भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक–आर्थिक विषमताओं का शान्तिपूर्वक समाधान ढूँढ सकता है। वह भारतीय वर्तमान परिस्थितियों में समाजवाद की पुनः स्थापना कर, मानवीय कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इस प्रकार उनका वैचारिक दर्शन मानवीय जीवन के प्रत्येक कालखण्ड में अपनी प्रासंगिकता को बनाए रखने में सक्षम है।

NORTHERN REGIONAL CENTRE
INDIAN COUNCIL OF SOCIAL SCIENCE RESEARCH
Room No. 003, Old CRS Building,
Jawaharlal Nehru University,
Aruna Asaf Ali Marg, New Delhi-110067
Ph : 011-26741607, 26741610
E-mail : icssnrc@gmail.com, Website : www.nrc-icssr.org

उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्
कमरा नंबर तीन, ओल्ड सी आर एस बिल्डिंग,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली-११००६७

Dr. G.S. Saun
Hony. Director

F.No. NRC/SEM-CONF/2022-23

Dated: 31-10-2022

To

The Principal
Govt. Degree College
Manglour
Haridwar-247656
Uttrakhand

SANCTION ORDER

Subject: **Partial Assistance for organizing a seminar entitled** "नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 एवं राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर एक राष्ट्रीय विमर्श" **by Dr. Tirth Prakash, Associate Professor, Department of Political science, Govt Degree college Manglour (Haridwar) Uttarakhand to be held on 19th -20th November 2022.**

Dear Sir,

Sanction of the Centre is hereby accorded for partial assistance of **Rs. 1,25,000/- (Rupees One Lakh Twenty-Five Thousand Only)** to **Dr. Tirth Prakash, Associate Professor, Department of Political science, Govt Degree college Manglour (Haridwar) Uttarakhand** to meet the expenditure on the above-mentioned seminar.

The grant should be utilized for the purpose for which it has been sanctioned. No part of the grant is to be utilized for publication of the proceedings of the seminar.

The amount of grant sanctioned herein is to be utilized in the stipulated period. Any amount of the grant remaining unspent shall be refunded to the ICSSR immediately after completion of the Seminar/Conference/Workshop. If the grantee fails to utilize the grant, the grantee will be required to refund the amount of the grant with interest thereon @ 10% per annum from date of its sanction.

In principle, Council reserves the right to send an observer to the conference whose T.A. and D.A. would be borne by the ICSSR and local hospitality by the organizer.

The sanctioned amount will be released in two instalments as follows:

First instalment	:	Rs. 93,750/-
Second instalment	:	Rs. 31,250/-
Total	:	**Rs. 1,25,000/-**

Contd...../-

The first instalment of Rs. 93,750/- will be released on receipt of a grant-in-aid bill (copy enclosed) duly stamped and signed by competent authority of the University/Institute. The second instalment of Rs. 31,250/- will be released on receipt of the following documents:

1. Two complete sets of papers presented in the seminar.
2. An audited statement of accounts for the expenditure incurred together with the utilization certificate of sanctioned amount.
3. A short summary of the proceedings of the conference, highlighting the objectives, findings/recommendations and names of important participants and pictures of the seminar.
4. Two photographs for uploading on website of the Centre.

Yours sincerely,

(G.S. Saun)

Encl: Grant-in-Bill

NORTHERN REGIONAL CENTRE
INDIAN COUNCIL OF SOCIAL SCIENCE RESEARCH
NEW DELHI

GRANT-IN-AID BILL

Received a sum of Rs.____________ (Rupees __________________ Only) by NEFT in favour of ____ drawn on Canara Bank, New Delhi, being the Grant-in-Aid of the seminar entitled " ____" towards the first instalment of the total grant-in-aid Rs.___________ (Rupees _____________________________ Only) sanctioned vide letter No ____________________ dated ____________ of the Hony. Director, ICSSR Northern Regional Centre, New Delhi.

Please Affix
Revenue Stamp

Signature of the Organizer

Certified that the Institute accepts all the terms and conditions governing the above grant and that it lends itself to abide by these.

Countersigned by the Administrative Head of the Institution/ University/College.

Signature of the Head
(Affiliating Institute/University/College)
Designation with Seal

ICSSR NORTHERN REGIONAL CENTRE
JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY
NEW DELHI-110067

F.No._____ Dated:_____

Dear Sir/Madam,

As per the directives from the Government of India, all the payments above Rs. 5,000/- are to be made by issue of payment advices only. As you are aware, your institution has affiliation of ICSSR-NRC seminar/workshops/projects /study grants and receiving grants thereof for them From NRC. You are, therefore, requested to furnish the following information duly verified by your bankers for RTGS/NEFT payments:

1.	Name & Address of the Account Holder	
	Contact details: (Telephone & Email id)	
2.	Bank Account No.	
3.	Name & Address of Bank	
	Bank contact details (Telephone & Email id)	
4.	IFSC Code	
5.	PAN No.	
6.	TIN No.	
7.	GST No.	

Signature of the Administrative
Head of the Institution/authorized signatory
With stamp

Note: Please treat it as MOST URGENT. It will be appreciated if the scanned copy of this information is also sent through e-mail mentioned in the sanction order for quicker execution.

NORTHERN REGIONAL CENTRE
INDIAN COUNCIL OF SOCIAL SCIENCE RESEARCH
Room No. 003, Old CRS Building,
Jawaharlal Nehru University,
Aruna Asaf Ali Marg, New Delhi-110067
Ph : 011-26741607, 26741610
E-mail : icssnrc@gmail.com, Website : www.nrc-icssr.org

Dr. G.S. Saun
Hony. Director

उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्
कमरा नंबर तीन, ओल्ड सी आर एस बिल्डिंग,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, अरुणा आसफ अली मार्ग,
नई दिल्ली-११००६७

F.No. NRC/SEM-CONF/2022-23

Dated: 31-10-2022

To

The Principal
Govt. Degree College
Manglour
Haridwar-247656
Uttrakhand

SANCTION ORDER

Subject: **Partial Assistance for organizing a seminar entitled** "नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 एवं राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर एक राष्ट्रीय विमर्श" **by Dr. Tirth Prakash, Associate Professor, Department of Political science, Govt Degree college Manglour (Haridwar) Uttarakhand to be held on 19th -20th November 2022.**

Dear Sir,

Sanction of the Centre is hereby accorded for partial assistance of **Rs. 1,25,000/- (Rupees One Lakh Twenty-Five Thousand Only)** to **Dr. Tirth Prakash, Associate Professor, Department of Political science, Govt Degree college Manglour (Haridwar) Uttarakhand** to meet the expenditure on the above-mentioned seminar.

The grant should be utilized for the purpose for which it has been sanctioned. No part of the grant is to be utilized for publication of the proceedings of the seminar.

The amount of grant sanctioned herein is to be utilized in the stipulated period. Any amount of the grant remaining unspent shall be refunded to the ICSSR immediately after completion of the Seminar/Conference/Workshop. If the grantee fails to utilize the grant, the grantee will be required to refund the amount of the grant with interest thereon @ 10% per annum from date of its sanction.

In principle, Council reserves the right to send an observer to the conference whose T.A. and D.A. would be borne by the ICSSR and local hospitality by the organizer.

The sanctioned amount will be released in two instalments as follows:

First instalment	:	Rs. 93,750/-
Second instalment	:	Rs. 31,250/-
Total	:	**Rs. 1,25,000/-**

Contd...../-

उपयुक्त उपाय शिक्षा को बढ़ावा देना है। शिक्षित व्यक्ति निश्चित रूप से जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणामों को जाने का और जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होगा।

प्राचार्य डॉक्टर सुशील उपाध्याय ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को केवल समस्या के रूप में देखना उचित नहीं है बल्कि यह है वैश्विक स्तर पर एक बड़ा बाजार दुनिया को प्रधान करती है। जिससे विश्व के अनेकों देश निवेश करने को बाध्य हो जाते हैं और विकास के नए रास्ते खुलते हैं।

इस संगोष्ठी में कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं और मुद्दों पर सूक्ष्म और गहन विचार विमर्श होगा।

- भारत में जनसंख्या अपने विकराल रूप में तमाम संसाधनों को निगलती जा रही है किन्तु हम और हमारी सरकारें आज भी हाथ पर हाथ रखी बैठी है।
- हमारे संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा इतनी विशाल जनसंख्या की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में ही स्वाहा हो जाती है।
- कैसे हम एक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को मूर्त रूप दे सकेंगे।
- बढ़ती जनसंख्या पर्यावरण, भ्रष्टाचार, चोरी, डकैती नैतिक अवमूल्यन के लिए भी एक चुनौती है।
- जनसंख्या वृद्धि से उपजी समस्याएँ एवं भविष्यगत चिन्ताएँ।
- भारत में जनसंख्या वृद्धि एवं सामाजिक–सांस्कृतिक बदलाव।
- भारत में नगरीय एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि एवं जनसंख्या वृद्धि के कारक।
- जनसंख्या नियंत्रण के सरकारी प्रयास (नीतियां, समितियां आदि)

ऐसे तमाम पक्षों से सम्बन्धित वैचारिक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोणों से भारत में जनसंख्या वृद्धि के तमाम स्वरूपों की समस्याओं एवं चुनौतियों का अवलोकन किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि शोध एवं जिज्ञासा के इस मंच की समग्रता के मंथन से प्राप्त विमर्शीय निष्कर्ष भारत में जनसंख्या नियंत्रण एवं संतुलन के नए नीतिगत आयाम गढ़ेगा जिससे भारत में मानव जीवन को और अधिक बेहतर बनाने की परिस्थितियों का निर्माण सम्भव हो सकेगा। एक बार पुनः मैं सभी अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ।

इस संबंध में हास्य कवि का हाथरसी की कुछ पक्तियाँ याद आती है–

यदि यही क्रम रहा बच्चों के उत्पादन का आगे चलकर कुछ सवाल आएंगे
बड़े–बड़े किंचित जगह मिले धरा पर नहीं मजबूरन हम तुम सोएगे खड़े–खड़े।

गहरा व्यंग्य

यह हमारे समय की विडम्बना को दिखाता है।

दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी **''भारत में जनसंख्या वृद्विः समस्या एवं चुनौतियों पर एक विमर्श''** विषय पर अगले दो दिन गहन मंथन होगा।

पटना विश्वविद्यालय के अजय कुमार ने अपने शोध पत्र ''जनसंख्या गतिशील, विकास और पर्यावण'' में बताया कि जनसंख्या घनत्व किसी क्षेत्र के पर्यावरण को प्रभावित कर सकती है, ये पर्यावरण रूपांतरण, बदले मे क्षेत्र के जनसंख्या घनत्व को भी प्रभावित कर करते है। उदाहरण के तौर पर जहाँ मानव के क्रियाकलापों से भूमि ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई है, सम्पूर्ण या कुछ लोगो को वह क्षेत्र छोड़ना पड़ सकता है। कुछ खोजों और प्रभावों के आधार पर यह बात स्पष्ट होती है रोमन–काल में सहारा मरूस्थल का विस्तार अधिक तीव्र गति से होता है। चूंकि मरूस्थल की सीमा पर स्थित छोटी–छोटी घासों वाली स्टेपी क्षेत्रो को पालतू भेड़ तथा बकरियों ने चर लिया। इसी तरह कुनियोजित सिंचाई के परिणामस्वरूप कुछ मरूस्थली प्रदेशों मे धरातल तत्वों की कठोर पपड़ी विकसित हो गई है। इससे भी मरुस्थलीय सीमाओं पर जनसंख्या मे ह्रास दृष्टिगत होता है। गत दो तीन दशकों से नगरीय क्षेत्रों में मोटरगाड़ियों से पैदा शोर मलिन बस्तियों तथा जातिगत–संघर्षों, सावर्जनिक शिक्षा मे ह्रास और रूप मानवीय कारकों के कारण बड़ी संख्या मे नगर निवासियों को उपनगरीय क्षेत्रों मे स्थानांतरित होने के लिए बाध्य होना पड़ा है। थोड़े मे नगरांतिक क्षेत्र मे परिवर्तित पारिस्थितिकी के कारण जनसंख्या घनत्व तथा जनसंख्या का प्रकार के स्वरूप को व्यापक रूप से परिवर्तित कर दिया है।

सघन जनसंख्या के कारण पर्यावरण में काफी बदलाव होते है। यह सही है कि जब एक प्रदेश में अधिक संख्या मे लोग निवास करते है तो वहाँ का वातावरण पहले के समान नही रह सकता है। वास्तव मे इसीलिए मनुष्य जिस मात्रा मे अपने पर्यावरण मे परिवर्तन करता है, वही उसके जनसंख्या घनत्व को दर्शाता है। उदाहरणस्वरुप उद्योग प्रधान राष्ट्रों के वृहद् महानगरीय क्षेत्रों मे जहाँ पंजीभूत मानव–निवास पाया जाता है,उस नगरीय संस्कृति का प्रत्यक्ष एवं प्रतिकात्मक अवशिष्ट उसके चतुर्दिक क्षेत्र मे प्रवाहित होता रहता है।

अरविन्द कुमार सिंह, इतिहास विभाग, मंगलायतन विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ने अपने शोध पत्र ''बढ़ती जनसंख्या का भारत पर प्रभावों का एक ऐंतिहासिक अध्ययन'' को प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में बढ़ती जनसंख्या की परेसानी आाज कितनी भयाभव है यह बात इन आंकड़ों से अच्छे से समझ में आएंगी कि 1951 से 2001 तक के मृत्यु दर को देखें तो पता चलता है कि जो पहले मृत्यु दर 28 प्रति हजार थी यानि कि हर साल हर एक हजार व्यक्तियों में से 28 की मृत्यु हो जाती थी वही धीरे धीरे घटकर 9 प्रति हजार हो गयी इससे हुआ यह कि 1961 में जो लोग औसतन 46 वर्ष ही जीते थे 1981 आतेआते लोग औसतन 54 वर्ष जीने लगे जो कि 2001 में 65 वर्ष हो गयी और 2011 की बात करें तो अब लोग औसतन 69 साल जी रहे है। अब पहले ही इतने बच्चे पैदा हो रहे हैं और ऊपर से जो जिंदा है वो भी जल्दी मरने को तैयार नहीं है तो ऐसे में जनसंख्या कैसे नहीं बढ़ेगा। अशिक्षा, निम्न आय एवं निम्न जीवन स्तर Illiteracy low income and low standard of living जो लोग अशिक्षित है उसे भला क्या पता कि परिवार नियोजन क्या होता है। वह अक्सर रूढ़िवादी विचारधाराओं को मानते है। वृद्धि करने में अपना अमूल्य योगदान देते है। तो यह वो कुछ वजहै जिसके कि हमारे देश की जनसंख्या इतनी बढ़ी है। अब हम इस शोध पत्र में जानने कि कोशिश करेंगे कि जनसंख्या वृद्धि से होता क्या है।

प्रो० डॉ श्री भगवान सिंह, विभागाध्यक्ष दर्शन शास्त्र विभाग, राम नगीना सिंह कॉलेज, मनेर, पटना ने अपने शोध पत्र के मूल्यांकन करते हुए अवगत कराया कि भारत में जनसंख्या पर्यावरण का प्रारम्भ काफी देर से यानि बीसवीं सदी के छठे दशक के प्रारम्भिक वर्षों मे हुआ। फिर भी यदि इसमे हुए शोधकार्य की गुणवता व मात्र को ध्यान में रखा जाए तो ऐसा कहना गलत नही होगा। 40 वर्षों की अल्प अवस्था मे इसने महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत मे जनसंख्या की समस्या होते हुए भी जनसंख्या पर्यावरण का प्रारंभ नही हो पाया। यहाँ पर जनसंख्या पर्यावरण का ढाँचा सर्वप्रथम मालथस ने अपने डॉक्टरेट थीसिस में दिया, जिसे उन्होंने द्रिवाथां के मार्गदर्शन मे पूर्ण किया था। इस प्रकार भारत में जनसंख्या पर्यावरण के विकास पर भी दिवार्थी की छाप समझ मे आती है।

भारत में जनसंख्या पर्यावरण का दर्शन पर्यावरण के समान्य दर्शन के अनुरूप हो रहा है। जैसा कि सभी जानते है कि भौगोलिक विश्लेषण मे क्षेत्रीय प्रारूप पर बल दिया जाता है। इसी प्रकार भारत मे जनसंख्या पर्यावरण को अध्ययन मे भी क्षेत्रिय प्रारूप पर अधिक बल दिया गया है। मुख्यतरू यहाँ जनसांख्यिकीय कारकों के विश्लेषण मे क्षेत्रीय वितरण, क्षेत्रीय सम्बंध व क्षेत्रीय अंतरू क्रियाओं का बाहुल्य रहा है, इस प्रकार भारत मे

जनसंख्या के अध्ययन मे क्रमबद्ध उपगमन विधा के मुख्य आधार माना गया है। पर यदि भारतीय जनसंख्या पर्यावरणवेताओं के शोध कार्य पर एक नजर डाली जाये तो यह स्पष्ट है कि जनसंख्या विश्लेषण को भी किसी क्षेत्र के सम्यक तथ्यों से जोड़ने की दिशा मे अभी बहुत कार्य करना बाकी है। भारत मे जनसंख्या पर्यावरण के विकास के लिए पर्यावरण की इस शाखा को अपनी सैद्धांतिक रूपरेखा तथा क्रिया–पद्धति को विकसित करना होगा। यघपि विगत 40 वर्षों मे यहाँ के पर्यावरणविदो ने जो प्रशंसनीय कार्य किया है फिर भी विधिगत व संकल्पनात्मक क्षेत्र मे विकास की अत्यंत आवश्यकता है। यह संतोषजनक है कि ऐसे सैद्धांतिक विकास के लिए आवश्यक अर्थतल का प्रसार भारत मे हो चुका है। भारत मे आमतौर पर जनसंख्या के विभिन्न लक्षणों के वितरण को दर्शाने के लिए उनके मानचित्र बनाये गये और उनके क्षेत्रीय प्रारूप का विश्लेषण किया गया। ऐसे मानचित्रों ने प्रतिरूपों की व्याख्या क्षेत्र के भौतिक व सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य मे की गयी। इस प्रकार विभिन्न विद्वानो ने अपने अपने ढंग से भौतिक या सांस्कृतिक रूप से जनसंख्या और पर्यावरण की घटको पर बल दिया जिसके कारण कभी तो ऐसा प्रतित हुआ कि जनसंख्या के विश्लेषण मे भौतिक घटको का कोई महत्व नही तो कभी ऐसा कि सांस्कृतिक घटक इतने महत्वपूर्ण नहीं।

अलीगढ़ से आए दिवाकर मिश्रा ने अपने शोध पत्र ''भारत में बढ़ती जनसंख्या की समस्या का एक ऐतिहासिक अध्ययन'' में कहा कि भारत में जनसंख्या वृद्धि का सामान्य क्रम यह है कि हर पीढ़ी में वह दुगुनी होती रहती है इस क्रम में सन् 1930–32 में भारत की आबादी 60 करोड़ थी, आज यह 140 करोड से अधिक हो गई हैआज का समाज भौतिक क्षेत्र में विकास कर रहा है जीवनक्रम द्रुतगति से बदलता जा रहा है प्राकृतिक साधनों का भी अधिकाधिक उपयोग हो रहा है, फिर भी जनसंख्या का संतुलन और उस पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। अर्थशास्त्र के नियमानुसार, जीवनस्तर के निम्न होने पर जनसंख्या बढ़ती है। भारत शायद इसी दरिद्रता का शिकार बना हुआ हैजनसंख्या की वृद्धि की समस्या अन्य अनेक समस्याओं को पैदा करती है। प्रतिवर्ष उत्पादित खाद्यान्न अपर्याप्त हो जाता है और जो है, वह महँगा हो जाता है। इसी हिसाब से अन्य उपयोगी वस्तुओं के दाम भी बढ़ते हैं। सरकार के पास काम की कमी हो जाती है, अतः बेकारी भी बढ़ती जाती हैवैज्ञानिक प्रगति के कारण पूँजीवादी अथवा साम्राज्यवादी आधिपत्य मानव–श्रम को दिन–प्रतिदिन उपेक्षित करता जा रहा है। ऐसी स्थिति में की स्थिरता आज की अनिवार्य माँग बन गई है। इसके लिए पाश्चात्य देशों में परिवार–नियोजन के अनेक तरीके अपनाए जाते हैं:

डॉ0 चन्द्रप्रभा कण्डवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल विभाग), रा0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल ने शोध पत्र ''बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरण'' में बताया कि मानव जनसंख्या एवं पर्यावरण के मध्य जटिल अन्तर सम्बन्ध पाये जाते है। मानव पर्यावरण को न केवल आवास के रूप में उपयोग करती है। बल्कि अपने विभिन्न क्रियाकलापों से प्राकृतिक भू–दृश्यों को भी परिवर्तित करती है। प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यावरण के घटक तत्व परस्पर अन्तः क्रिया द्वारा विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में जनांकिकीस प्रतिरूपों का निर्माण करते हैं, और पर्यावरण की क्रियात्मकता एवं गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। अतः जनसंख्या दबाव पर्यावरण को प्रभावित करती है, जिससे पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो जाता है। बिगड़ते पर्यावरण का प्रमुख कारण द्रुतगति से बढ़ती जनसंख्या है।

अतः पर्यावरण एवं मानव जनसंख्या के बेहतर तालमेल की आवश्यकता है, जिसके द्वारा प्रौद्योगिक विकास राज्य विषमताओं का निराकरण किया जाय।

उद्देश्य–

जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण का मुख्य उद्देश्य–पर्यावरण एवं जनसंख्या के अन्तर सम्बन्ध को स्पष्ट करना, जनसंख्या वृद्धि एवं पर्यावरण पर विश्लेषण प्रस्तुत करना।

आज आवश्यकता है कि बढ़ती जनसंख्या पर कारगर रोक लगायी जाए ताकि वर्तमान एवं भविष्य में आने वाली मानव पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण में जीवन व्यतीत करने का अवसर मिल सकें।

बढ़ती जनसंख्या के कारण पर्यावरण पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इसके कारण जंगल पर आबादी का अधिक बोझ बढ़ा है। जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण जरूरी है। वन अधिकार अधिनियम की समीक्षा होनी चाहिए, यह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोगों की जरूरत पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधन का दोहन कम से कम हो। इसके साथ ही सरकार को चाहिए कि जनसंख्या वृद्धि का पर्यावरण पर कितना कुप्रभाव पड़ रहा है या पड़ने वाला है। इस पर भारत सरकार समय–समय पर समीक्षा करें।

जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी हैं लेकिन प्राकृतिक तरीके से नियंत्रण होने चाहिए ताकि कोई दुष्टप्रभाव न हो। बढ़ती जनसंख्या से कई समस्या आ रही है। प्राकृतिक संससाधन का दोहन हो रहा है। सरकार को चाहिए इसके लिए योजना बनना चाहिए। इसके साथ ही बेरोजगारों के लिए भी योजना बनाकर उसे रोजगार चाहिए।

डॉ0 देवपाल असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, चमन लाल महाविद्यालय, लंढौरा, हरिद्वार, उत्तराखण्ड ने अपने शोध जिसका शीर्षक ''भारत केआर्थिक विकासपर जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव'' का मूल्यांकन करते हुए बताया कि जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास सहसंबद्ध कारक हैं, पिछले 30 वर्षों में दुनिया की जनसंख्या प्रति व्यक्ति आय, लोगों के जीवन स्तर और शहरीकरण के समान तरीके से दोगुनी हो गई है, और प्रौद्योगिकी की प्रगति भी उसी गति से बढ़ी है। किसी देश के आर्थिक विकास पर जनसंख्या का सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यह पूरी तरह से देश पर आधारित है कि वे उस जनसंख्या को लाभप्रद या गैर–लाभकारी कारक के रूप में कैसे उपयोग करते हैं। पूरी दुनिया में चीन की आबादी सबसे ज्यादा है लेकिन इसकी आर्थिक विकास दर भी अच्छी तरह से संतुलित है क्योंकि वे मानव संसाधन के रूप में जनसंख्या का उपयोग करते हैं जो उनके लिए बहुत उपयोगी हैभारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 18 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती है, जिसका अर्थ है कि पृथ्वी पर प्रत्येक 6 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति भारत का निवासी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है और माना जाता है कि आने वाले वर्षों में चीन की आबादी को पार कर जाएगा। भारत की जनसंख्या वृद्धि दर 2021 में 0.99 प्रतिशत के साथ दुनिया में 112 वें स्थान पर थी। भारत की 50प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 25 वर्ष से कम और 65प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की आयु से नीचे है। जनसंख्या आर्थिक विकास के साधन के साथ–साथ साध्य भी हैं। यदि पर्याप्त शक्ति में हैं तो वे एक परिसंपत्ति हैं और अधिक शक्ति होने पर एक दायित्व साबित होते हैं। भारत में जनसंख्या सन्तुलित सीमा (व्चजपउनउ सपउपज) को पार कर गई है और एक दायित्व बन गई है। अतः भारत में जनसंख्या विस्फोट की समस्या आर्थिक नियोजन एवं विकास की सफलता में एक बड़ी बाधा सिद्ध हो रही है। 2001 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश भारत में सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जिसमें कुल 166 मिलियन लोग रहते हैं। जबकि दूसरी ओर, सिक्किम में सबसे कम आबादी 0.5 मिलियन है और लक्षद्वीप में केवल 60000 लोग निवास करते हैं। इसके अलावा, भारत की लगभग आधी आबादी पांच प्रमुख राज्यों– उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में निवास करती है। हालांकि राजस्थान आकार में सबसे बड़ा राज्य है, लेकिन इसकी जनसंख्या भारत की कुल जनसंख्या का केवल 5.5 प्रतिशत है। हालांकि अधिक जनसंख्या ने जीडीपी को प्रभावित नहीं किया है और पिछले दो दशकों से भारत की जीडीपी बहुत तेजी से बढ़ी है। भारत अब सकल घरेलू उत्पाद (ळक्च्) 2.94 ट्रिलियनडॉलर के साथ छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन जनसंख्या विस्फोट के कारण यह अभी भी प्रति व्यक्ति आय के मामले में 128 वें और एचडीआई के

मामले में 131 वें स्थान पर है। जनसंख्या विस्फोट जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। अधिक जनसंख्या बेरोजगारी, भोजन की कमी, निम्न प्रति व्यक्ति आय, पूंजी निर्माण की समस्या, उच्च दबाव, सामाजिक समस्याएं, आर्थिक असुरक्षा, सामाजिक असुरक्षा, भूमि पर दबाव और पर्यावरण क्षरण जैसी समस्याएं पैदा करती है। भारत की आर्थिक विकास योजना और जनसंख्या में परिवर्तन से बहुत अधिक प्रभावित है। भारत अपने बढ़ते मानव संसाधन और प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों के साथ अभी भी एक विकासशील देश माना जाता है। भारत अभी भी बढ़ती हुई जनसंख्या के कल्याण के लिए अपने प्राकृतिक संसाधनों का पर्याप्त रूप से उपयोग करने की स्थिति में नहीं है। अपर्याप्त आवास, खराब चिकित्सा देखभाल और कुपोषण के कारण भारत में गरीबी काफी हद तक व्याप्त है। भारत में आज भी कई गांवों में बिजली की कमी, आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए अपर्याप्त भोजन और बहुत कम स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा सुविधाओं की कमी हैं।

राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला, हरिद्वार के डॉ0 भगवती प्रसाद पुरोहित ने अपने शोध पत्र ''भारत में जनसंख्या विस्फोट और बहुमत की राजनीति'' में कहा कि भारत में जनसंख्या विस्फोट का मूल भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में अन्तर्निहित है। भारत की वर्तमान संवैधानिक और राजनीतिक व्यवस्था का निर्धारण ब्रिटिश पार्लियामेन्ट द्वारा 18 जुलाई 1947 को 'इण्डियन इंडिपेंडेंस एक्ट 1947' के द्वारा हुआ। इस एक्ट द्वारा 1935 के भारत सरकार अधिनियम को संविधान मानकर देश को प्रशासनिक और संवैधानिक स्वरूप दिया गया जो आज तक विद्यमान है। वास्तव में ब्रिटिसर्स द्वारा भारत में जिस प्रशासनिक तंत्र को स्थापित किया गया था, उसका लक्ष्य था– औपनिवेशिक लूट को वैधता प्रदान कर कानूनी संरक्षण प्रदान करना, ताकि लूट बरकरार रह सके।

इस तंत्र को 1947 के इंडिया इंडिपेंडेंट एक्ट द्वारा 1935 के अधिनियम को संविधान मानने के लिए उपबन्धित किया गया। इससे भारत में लोकतंत्र की जगह लूटतंत्र और प्रशासनिक एवं संवैधानिक विवेक की जगह भीड़तंत्र हावी हो गया। बड़ी होशियारी से औपनिवेशिक लूटतंत्र को लोकतंत्र का नाम दिया गया और औपनिवेशिक तंत्र समर्थक भारतीयों को सत्ता हस्तान्तरित कर दी गयी। इस लूट के मुखौटे को लोकतंत्र के रूप में प्रस्तुत करने के लिए चुनावों को वैधता प्राप्त करने का माध्यम बनाया गया। चुनाव जीतने के लिए बहुमत की जरूरत होती है और बहुमत के लिए भीड़ आपके पक्ष में हो, यह जरूरी है। यही कारण है कि भीड़ को जुटाना और अपने पक्ष में करना आज राजनीतिक दलों की सत्ता प्राप्ति का मुख्य लक्ष्य बन गया है, जो कि भारत में जनसंख्या विस्फोट का मुख्य कारण है।

विद्यमान राजनीतिक व्यवस्था में सत्ता को वैधता प्राप्त करने के लिए जन समर्थन की आवश्यकता होती है और यह जनसमर्थन उसे गुणात्मक नहीं चाहिए, बल्कि मात्रात्मक चाहिए। मात्रात्मक जन समर्थन हमेशा भीड़ पर आधारित होता है। भीड़ का अपना कोई विवेक नहीं होता। भीड़तंत्र से आप राजनीतिक विवेक की अपेक्षा नहीं कर सकते और ऐसी भीड़ का प्रयोग भारत में सत्ता, वैधता प्राप्त करने के लिए करती है। भीड़ ने आपको वैधता दे दी तब आप सर्व शक्तिमान हो जाते हैं, जिसके हाथ में भीड़ सत्ता सौंप देती है, वह प्रायः निरंकुश हो जाता है। भीड़ द्वारा प्रदत्त राजनीतिक वैधता लूटतंत्र में परिवर्तित हो जाती है। यह लूटतंत्र प्रकारन्त से सर्वाधिकारवादी शासन तंत्र की स्थापना करता है। इसीलिए भारत में जो सरकारें 5 साल के लिए सत्ता में आती हैं, वे सब मनमर्जी या गैर लोकतांत्रिक तरीके से काम करती हैं और जब जनता के बीच उन जनविरोधी कामों को स्वीकृत नहीं मिलती, उनका विरोध होता है, तब सरकारें प्रायः इस बात की दुहाई देती हैं कि वह तो पांच साल के लिए चुन कर आये हैं, जनता ने उन्हें मैन्डेट दिया है। यही लूट और बेईमानी हो छुपाने का असली नकाब है, जिसको भारत में लोकतंत्र का नाम दिया गया है। वास्तव में यह औपनिवेशिक लूटतंत्र है, जिसको भीड़तंत्र के द्वारा वैधता प्राप्त हो रही है।

अब असली सवाल भीड़ तंत्र पर कब्जा करने का है। सवाल यह है की भीड़ तंत्र पर कौन, कब, और कैसे कब्जा करता है? यही भारत में सत्ता प्राप्त करने की कला है। वरना सैद्धान्तिक रूप से यहां राजनीतिक दलों में विचारधारा या कार्यक्रम के स्तर पर कोई अन्तर नहीं है, जो व्यक्ति आज एक पार्टी में है, वह चुनाव जीतकर या चुनाव जीतने से पहले रातों–रात कब दल– बदल ले, कोई नहीं जानता। यही लोकतंत्र का सत्य है। बस सत्ता प्राप्त करना एकमात्र लक्ष्य है। सत्ता कैसे प्राप्त हो यही एकमात्र रणनीति है। योग्यता इस बात की चाहिए कि वह भीड़ कैसे इकट्ठा कर सकता है, कैसे ताली बजवा सकता है, कैसे वाहवाही प्राप्त कर सकता है, कैसे भीड़ को उत्तेजित कर अपने इशारों पर नचा सकता है, कैसे वह भीड़ में विपक्षी के विरुद्ध उन्माद पैदा कर सकता है। इसके लिए जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्र, भाषा, की कोई मर्यादा नहीं, यहां तक कि नेता देश और सामाजिक मर्यादा को भी तार–तार कर दे रहे हैं, देश और समाज को तोड़ने का काम जितना भारतीय राजनेताओं ने किया है, उतना किसी दूसरे देश ने नहीं, इसकी अन्य कोई मिसाल नहीं है।

क्योंकि लक्ष्य है– भीड़ को अपने पक्ष में करना, जो भीड़ को बरगला कर अपने पक्ष में कर दे वह उतना बड़ा जनप्रतिनिधि बन जाता है। यहां जनप्रतिनिधि और कोई दूसरी योग्यता नहीं होती, यही लोकतंत्र कि भारत में वास्तविकता है। इसीलिए प्रायः

देखा जाता है– अनपढ़, अपराधी, भ्रष्ट, झूठे, बेईमान और बदमाश लोग भी चुनाव जीतकर माननीय जनप्रतिनिधि बन जाते हैं। इनको जनप्रतिनिधि बनाती है– विवेकहीन भीड़, इसीलिए नेताओं को भारत में सत्ता प्राप्त करने की गारंटी भीड़ है। जब तक भीड़ आपके कब्जे में है, आप शहंशाह हैं। यदि आप बहुत विवेकवान भी हैं और भीड़ आपके साथ नहीं है तो आपकी योग्यता एकदम शून्य है।

दुर्गेश राय ने अपने शोध पत्र ''तहसील सिकन्दरपुर, जनपद बलिया (उ0प्र0) में जनसंख्या और सीमित संसाधनः एक भौगोलिक अध्ययन'' में बताया कि आज अध्ययन क्षेत्र ही नहीं पूरे विश्व के विकासशील देशों में जनसंख्या वृद्धि एवं सीमित संसाधन एक प्रमुख समस्या है। संसाधन सीमित है जनसंख्या वृद्धि असीमित। जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित प्राकृतिक संसाधनों पर अत्याधिक दबाव के रूप में चिन्ताजनक स्थिति है। वर्तमान में धरती के पास जो संसाधन है हम उनका तेजी से उपभोग कर रहे हैं। मनुष्य अपना विकास करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहा है जिस कारण जनसंख्या और संसाधन के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। संसाधनों को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने तथा उन्हें लंबे समय तक टिकाऊ रूप से बनाए रखने के लिए जनसंख्या की बेतहासा अंकुश और संसाधनों के अंधाधुन दोहन पर अंकुश लगाना ही होगा। भारी जनसंख्या के कारण गरीबी है, अभाव है, जीवन की गुणवता घटी है, सीमित संसाधनों का अत्याधिक दोहन हो रहा है। इस गंभीर विषय पर सकारात्मक लोक मत बनाये जाने की आवश्यकता है। जनसंख्या वृद्धि अध्ययन क्षेत्र के लिए हानिकारक है। इस पर सरकारी नीतियों के साथ समाजसेवी संस्थाओं को भी आगे आना होगा।

आजादी के समय भारत की जनसंख्या 33 करोड़ थी जो अब करीब 135 करोड़ हो चुकी है। भारत का क्षेत्रफल सीमित है। भारत में आज जन्म दर प्रति हजार चालीस के उपर है। वृद्धि के कारण जनघनत्व जो 1901 से प्रति वर्ग कि0मी0 165 था, वह बढ़कर 2001 में 689 हो गया। चीन में वृद्धि दर 1.0 प्रतिशत है, तो भारत में दोगुनी 1. 93 प्रतिशत है। इस दर से आबादी का बढ़ता देश के हित में नहीं है। जनसंख्या की यह वृद्धि प्रगति के सारे प्रलयों को निरर्थक व निष्फल कर रही है। प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951–56) में स्वीकार किया गया था कि जनसंख्या वृद्धि व सीमित संसाधनों पर पड़ते दबाव को देखते हुए परिवार नियोजन तथा जनसंख्या नियंत्रण की गंभीर आवश्यकता है, जन्म दर को कम कर संसाधन के अनुरूप लाना होगा। जनसंख्या का नियंत्रण नहीं होना कई क्षेत्रों में चुनौती पैदा कर रहा है। सबसे बड़ी चुनौती संसाधन संरक्षण में है। जनसंख्या के बेतहाशा बढ़ने से भोजन, वस्त्र, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल आदि क्षेत्रों में संकट पैदा हो गया है। नदी तथा भूमिगत जल दूषित हो रहा है, प्रदूषण

बढ़ रहा है। प्राकृतिक असंतुलन बढ़ रहा है। इसलिए जरूरी है जनसंख्या व संसाधन के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रत्येक धार्मिक समुदायों का राष्ट्रीय कर्तव्य घोषित किया जाय जिस पर अमल करने की बाध्यता भी आवश्यक हो। धार्मिक हानि–लाभ तथा चुनावी आकड़ों से इसको अलग रखना चाहिए। समाज में असमानता भी जनसंख्या वृद्धि का कारण है।

डॉ0 हर्षी खण्डूडी, असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल,पी0जी0 कालेज गोपेश्वर चमोली, उत्तराखण्ड ने अपने पेपर ''बढ़ती जनसंख्या के पर्यावरणीय प्रभाव'' में बताया कि वर्तमान में जनसंख्या वृद्धि ही एक अपने आप में मूलभूत समस्या बनी हुई है, भारत राष्ट्र के लिए तो बहुजन, बहुधर्म, शरणार्थियों और प्रवासियों की अधिकता से यह समस्या उभर कर आ रही है, जिसका सीधा सा प्रभाव सम्पूर्ण पर्यावरण जगत को झेलना पड़ रहा है।

जनसंख्या और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं, इनकी पूरकता सदैव बनी रहनी चाहिए, तभी सकारात्मकता दिखायी देगी, लेकिन यहाँ पर एक प्रश्न उठता है कि जनसंख्या और पर्यावरण में संतुलन की स्थिति कितनी है, वनस्पति संसाधन जल संसाधन, भूमि संसाधन, मानव संसाधन, पशु संसाधन का आपसी सन्तुलन कैसा है, इसके विकास की तस्वीर में कितनी वास्तविकता है।

हिना एस. राठोड, ने अपने शोध पत्र ''महिला शिक्षा का जनसंख्या पर प्रभाव'' में कहा कि परिवार को स्त्री और पुरूष मिलकर बनाते हैं और चलाते है। स्त्री प्रमुख रूप से केन्द्र में होती है। जनसंख्या वृद्धि हमारे देश के लिए एक समस्या है। इसका समाधान ग्रामीण एवं शहरी विस्तार में स्त्री और पुरूष में जागरूकता लाकर ही किया जा सकता है। इसके लिए भारत सरकार ने भी जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कई उपाय किए है, कई योजनाएं भी बनाई है, परन्तु जनसंख्या में कोई कमी नही दिखाई दे रही है। राष्ट्र के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक विकास में महिलाओं का योगदान रहा है। किसी भी राष्ट्र की संस्कृति, रीति–रिवाज, परम्पराएं महिलाओं से ही दृष्टिगोंचर होती है। महिलाएं समाज, परिवार और देश के लिए सृजनात्मक उन्नति में सहाय करने वाली एवं रचनात्मक शक्ति है। उनके जीवन का मुख्य आधार परिवार होता है। यदि परिवार की सोच में मानसिक रूप से परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाये तो परिवार को एक सीमित रेखा के दायरे मे नियंत्रित किया जा सकता है। इसीलिए जनसंख्या पर नियंत्रण लाने के लिए महिलाओं को शिक्षा देना, उन्हें जागरूक करना ही समस्या का समाधान है। शिक्षा का बड़े पैमाने पर प्रयास–प्रचार करना, महिलाओं, बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाना, परिवार नियोजन एवं गर्भ–निरोधक के इस्तेमाल के तरीके,महिला सशक्तिकरण को

बढ़ावा देना, गरीब और अशिक्षित लोगों मे जागृति फैलाना आदि कारणों से आबादी को सीमित करके जनसंख्या नियंत्रण में बड़ी भूमिका अदा कर सकते है।

लेखराज सिंह ने अपने शोध पत्र ''भारत में बढ़ती जनसंख्या की समस्या का एक ऐतिहासिक अध्ययन'' में बताया कि गरीबी क्या है? इस प्रश्न का उत्तर गरीबी की परिभाषा और अर्थ से ही प्राप्त हो सकेगा। गरीबी (निर्धनता) की परिभाषा विभिन्न देशों अथवा समाजों में विभिन्न प्रकार से दी गई है। गरीबी का सामान्य अर्थ ऐसी स्थिति जिसमें समाज का एक भाग अपनी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा कर पाने में असमर्थ रहता है। विकासशील देशों की हालात जो भी हो विकसित कहे जाने वाले यूरोप एवं अमेरिका के देश भी इससे अछुता नहीं है। वास्तव में गरीबी का आधार न्यूनतम जीवन स्तर की संकल्पना है, कोई व्यक्ति अपनी आय से जीने के लिए आवश्यक कैलोरी भी जुटा नहीं पाता तो वह व्यक्ति गरीब कहा जाएगा। वैसे गरीबी के दो स्वरूप है : (क) सापेक्ष गरीबी (ख) निरपेक्ष गरीबी। विकसित देशों में एक गरीब व्यक्ति विकासशील देशों की तुलना में उच्च जीवन स्तर व्यतीत कर रहा होता है। अतः यह सापेक्ष गरीबी आय–असमानताओं में प्रतिबिम्बित होती है जैसे अमेरिका का गरीब व्यक्ति भारत के लिए गरीब नही होगा। जबकि निरपेक्ष गरीबी का संबंध जीवन के लिए बुनियादी आवश्यकताओं को पूर्ति न कर पाने से है। मानवीय गरीबी में आय के अतिरिक्त आयु एवं शिक्षा पहलुओं को भी शामिल किया गया है। अतः गरीब कौन ? के प्रत्युत्तर में हमें न्यूनतम आवश्यक कैलोरी पर ही ध्यान न देकर इससे आगे अन्य बातों– आयु, शिक्षा, कपड़ा, मकान पर भी ध्यान देनी होगी। जो व्यक्ति अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं को पूर्ण नहीं कर पाता वह गरीबी रेखा के नीचे माना जाता है। जिन लोगों को भोजन से न्यूनतम आवश्यक कैलोरी भी नहीं मिल पाता वह गरीबी रेखा के नीचे माना जाता है।

पवनेश कुमार ने अपने शोध पत्र ''भारत में बढ़ती जनसंख्या का भारत के विकास पर प्रभावो का एक अध्ययन'' की प्रस्तुति करते हुए कहा कि भारत में बढ़ती जनसंख्या की परेसानी आाज कितनी भयाभव है यह बात इन आंकड़ों से अच्छे से समझ में आएंगी कि 1951 से 2001 तक के मृत्यु दर को देखें तो पता चलता है कि जो पहले मृत्यु दर 28 प्रति हजार थी यानि कि हर साल हर एक हजार व्यक्तियों में से 28 की मृत्यु हो जाती थी वही धीरे धीरे घटकर 9 प्रति हजार हो गयी इससे हुआ यह कि 1961 में जो लोग औसतन 46 वर्ष ही जीते थे 1981 आतेआते लोग औसतन 54 वर्ष जीने लगे जो कि 2001 में 65 वर्ष हो गयी और 2011 की बात करें तो अब लोग औसतन 69 साल जी रहे है। अब पहले ही इतने बच्चे पैदा हो रहे हैं और ऊपर से जो जिंदा है वो भी जल्दी मरने को तैयार नहीं है तो ऐसे में जनसंख्या कैसे नहीं बढ़ेगा। अशिक्षा, निम्न आय एवं

निम्न जीवन स्तर Illiteracylow income and low standard of livingvc जो लोग अशिक्षित है उसे भला क्या पता कि परिवार नियोजन क्या होता है। वह अक्सर रूढ़िवादी विचारधाराओं को मानते है। वृद्धि करने में अपना अमूल्य योगदान देते है। तो यह वो कुछ वजहै जिसके कि हमारे देश की जनसंख्या इतनी बढ़ी है। अब हम इस शोध पत्र में जानने कि कोशिश करेंगे कि जनसंख्या वृद्धि से होता क्या है।

डॉ. पंकज अग्रवाल, निदेशक, विद्या मन्दिर इन्स्टी्टयूट, मोदीनगर ने अपने शोध पत्र ''समस्या जनसंख्या वृद्धि नहीं, इसका नियंत्रण हैं'' में उल्लेख किया है कि आदिम भारतीय समझ में कभी ज्यादा आबादी को बोझ नहीं माना गया। यह धारणा मुखर रहीं की बच्चा एक मुंह और दो हाथ के साथ पैदा होता हैं। कहीं न कहीं इस समझ ने देश की आबादी को महाकाय बनाने में भी अपनी भूमिका निभाई। कुछ दशक पहले तक जो लोग आबादी को समस्या मानते रहे हैं आज वे अपनी सोच बदलने को बेबस हुए हैं। हमारी ब़ड़ी आबादी हमारा बड़ा संसाधन बन चुकी हैं। दुनिया की आबादी में हमारे करीब 18 फीसद हिस्सेदारी हैं। वह अगर बड़ी उत्पादक हैं तो बड़े उपभोक्ता के रूप में भी घरेलू खपत को बढ़ा रही हैं। इसी आबादी के बूते अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्था कुलांचे भर रही है। यहां 91 फीसद आबादी 59 साल से कम उम्र की हैं। जहां दुनिया के अधिकांश देश बीमार और अपेक्षाकृत अधिक बुजुर्ग आबादी के बोझ से दबे हैं वहीं हमारे पास इस युवा और कार्यशील मानव संसाधन का जखीरा हैं। यही मानव संसाधन भारत क ो विश्व शक्ति की ओर बढ़ा रहा हैं। इस पर हमे फख्र हैं। चुनौती सिर्फ हर हाथ को हुनर और हर दिमाग को कौशल युक्त बनाकर रोजगार से जोड़ने यानी जनसंख्या नियोजन की हैं।

कु0. प्रवीन, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय महाविद्यालय कमांद, टिहरी गढ़वाल ने अपने शोध 'जनसंख्या की वृद्धि एवं संरचना' में कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व का दूसरा देश है और क्षेत्रफल की दृष्टि से सातवां। सामान्यतः पश्चिमी देशों की जनसंख्या घट रही है। वहां के राजनीतिज्ञ उस बात से चिन्तित है। वहां जनसंख्या वृद्धि के लिए प्रलोभन दिए जा रहे है। वहां जनसख्या घटने के प्रमुख कारण है– विवाह की आकार मे वृद्धि, जन्म निरोध, विवाहों की संख्या में कमी आदि।दुसरी और भारत सहित एशिया और पिछडे व अविकिसित राष्ट्रों मे जनसंख्या बढी है। जिसने वहां की आर्थिक प्रगति को प्रभावित किया है।

''जनसंख्या वृद्विः महिला शिक्षा एंव स्वास्थ्य पर प्रभाव'' विषयक शोध पत्र की लेखक डॉ0 पूजा पालीवाल, असिस्टेन्ट प्रोफेसर गृह विज्ञान, वी0श0के0च0रा0स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर देहरादून उत्तराखण्ड़ ने कहा कि किसी भी देश में जब जनसंख्या विस्फोटक स्थिति में पहुँच जाती है तो संसाधनों के साथ उसकी गैर–अनुपातित वृद्धि होने लगती है, इसलिये इसमें स्थिरता लाना जरूरी होता है। संसाधन एक बहुत महत्त्वपूर्ण घटक है। भारत में विकास की गति की अपेक्षा जनसंख्या वृद्धि दर अधिक है। संसाधनों के साथ क्षेत्रीय असंतुलन भी तेजी से बढ़ रहा है। दक्षिण भारत कुल प्रजनन क्षमता दर यानी प्रजनन अवस्था में एक महिला कितने बच्चों को जन्म दे सकती है में यह दर करीब 2–1 है जिसे स्थिरता दर माना जाता है। लेकिन इसके विपरीत उत्तर भारत और पूर्वी भारत, जिसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा जैसे राज्य हैं, इनमें कुल प्रजनन क्षमता दर चार से ज्यादा है। यह भारत के भीतर एक क्षेत्रीय असंतुलन पैदा करता है। जब किसी भाग में विकास कम हो और जनसंख्या अधिक हो, तो ऐसे स्थान से लोग रोजगार तथा आजीविका की तलाश में अन्य स्थानों पर प्रवास करते हैं। किंतु संसाधनों की सीमितता तथा जनसंख्या की अधिकता तनाव उत्पन्न करती है, विभिन्न क्षेत्रों में उपजा क्षेत्रवाद कहीं न कहीं संसाधनों के लिये संघर्ष से जुड़ा हुआ है।भारत में जनसंख्या वृद्धि दर 1–2% है, जो विश्व औसत 1–3% से कम है। भारत की जनसंख्या 2027 तक 1–5 बिलियन और 2035 तक 1–7 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है।

जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में द्वितीय स्थान है एवं जनघनत्व के मामले में भी भारत काफी ऊपर है। भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारण भूमि एवं अन्य संसाधनों पर काफी दवाब महसूस किया जाता रहा है। किसी भी देश की जनसंख्या को घटाने या बढ़ाने में मुख्यतः तीन कारक प्रमुख होते हैं– जन्म दर, मृत्यु दर तथा आवास–प्रवास। जन्म दर अधिक एवं मृत्यु दर कम होने पर जनसंख्या में वृद्धि होती है एवं जन्म दर कम हो तथा मृत्यु दर अधिक हो तो जनसंख्या में कमी आती है। इसी प्रकार यदि दूसरे देशों से आने वालों की संख्या विदेश जाने वाले लोगों की संख्या से अधिक होगी तो जनसंख्या में वृद्धि होगी एवं विपरीत स्थिति में जनसंख्या में कमी आएगी।

''भारत में बढ़ती जनसंख्या का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव विशेष रूप से जल के संदर्भ में'' शोध पत्र की लेखिका प्रीती रावत शोधार्थी, विधि अध्ययन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ने उक्त शोध पत्र में बताया कि भारत में बढ़ती जनसंख्या का पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव विशेष रूप से जल के संदर्भ में का अध्ययन किया गया

है अध्ययन से पता चलता है कि अधिक जनसंख्या वृद्धि पर्यावरण पर विशेष रूप से जल पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही। मानव के अस्तित्व में आने के बाद उसकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में द्वितीय स्थान है एवं जनघनत्व के मामले में भी भारत काफी ऊपर है। बढ़ती जनसंख्या ने मनुष्य और प्रकृति के बीच असंतुलन की स्थिति पैदा कर दी है। जल एक अमूल्य और सीमित संसाधन है और जनसंख्या वृद्धि के कारण जल शक्ति मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इसकी उपलब्धता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 और माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्णयों के अनुसार सभी व्यक्तियों को स्वच्छ पर्यावरणव स्वच्छ जल का मौलिक अधिकार प्राप्त है और यह अधिकार न्यायालय के द्वारा प्रवर्तनीय भी कराई जा सकते हैं परंतु जिस हिसाब से भारत की जनसंख्या बढ़ती जा रही है व जल का स्तर घटता जा रहा है उस प्रकार से इन अधिकारों की प्राप्ति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस लेख के माध्यम से लेखक ने यह सुझाव देने का प्रयास किया है कि वर्तमान एवं भविष्य में आने वाली मानव पीढ़ियों को स्वस्थ पर्यावरण और स्वच्छ जल के साथ जीवन व्यतीत करना है तो उन्हें जनसंख्या नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना होगा।

डॉ0 प्रियंका कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर,(गेस्ट फैकेल्टी), गृह विज्ञान विभाग, एस. डी.एम. पी.जी कॉलेज, डोईवाला देहरादून ने अपने लेख जिसका शीर्षक ''महिला शिक्षा का जनसंख्या वृद्धि पर प्रभाव : देहरादून के भानियावाला शहर के महिला कामगारों का एक अध्ययन'' है, में उल्लेख किया है कि किसी भी देश के संसाधन की एक सीमा होती है तथा इसके जरिए एक निश्चित जनसंख्या का ही भरण–पोषण संभव है। अगर इस पर आवश्यकता से ज्यादा दबाव पड़ता है तो इसके कई दुष्परिणाम सामने आते हैं। भारत ने 1952 से इस समस्या को समझ कर अपने जनसंख्या को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू कर दिए थे। 70 वर्ष बीत जाने के बादभी स्थिति दयनीय है। सन् 2001 से 2011 के दौरान 1.64 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को दर्ज किया गया है। लगभग 121 करोड़की जनसंख्या के साथ कुल विश्व की जनसंख्या के 17.5प्रतिशत के बराबर है।

जिस पैमाने पर भारत की जनसंख्या बढ़ रही है वह सहज रूप से दिल को दहलाने वाला है। 2030 तक भारत केचीन से आगे निकल जाने की पूरी संभावना है।एक अनुमान के अनुसार 2035 तक भारत जनसंख्या के लिहाज से चीन को पछाड़कर विश्व का सबसे बड़ा देश हो जाएगा। भारत में जनसंख्या वृद्धि की वार्षिक दर 1.9प्रतिशत है, जबकि चीन में यह 1.2 प्रतिशत है। इस लिहाज से चीन की जनसंख्या 60 साल में दोगनी होगी जबकि भारत की जनसंख्या केवल 34 साल में ही दुगनी हो जाएगी।

राम अजोर तिवारी, कुमायूँ विश्वविद्यालय नैनीताल उत्तराखण्ड ने अपने लेख ''भारत में जनसंख्या वृद्धि प्रभाव नीति व परिणाम'' में कहा कि भारत एक विकासशील देश है तथा आज की तारीख में एक उभरती हुई अर्थ व्यवस्था का देश। भारत दुनिया का सातवाँ बड़ा देश है जहाँ दुनिया की 17.7 प्रतिशत आबादी निवास करती है। जबकि उसके पास विश्व का 2.7 प्रतिशत जमीन है। दलेसेट की रिपोर्ट के अनुसार 161 करोड़ के साथ 2048 में भारत की जनसंख्या शीर्ष पर पहुँच जायेगी। अर्थात् चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे जनसंख्या वाला देश बन जायेगा।

एक अनुमान के अनुसार 2100 ई0 तक भारत की जनसंख्या घटकर 109 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। दूसरे अनुमान के अनुसार स्वतन्त्रता के 100 वें वर्ष के बाद नयी सदी आने के बाद इसमें 32 प्रतिशत की गिरावट हो सकती है। इन आँकड़ो को देखने के बाद इसकी भयावहता और समस्या की ओर बरबस ध्यान आकर्षित हो रहा है। क्योंकि इतनी बड़ी आबादी के लिए अन्य वस्त्र स्वास्थ्य एवं आवास की व्यवस्था करने में सरकारों को पसीना छूटना लाजिमी है जो विश्व की सबसे तेजी से बढती अर्थव्यवस्था पर असह्य बोझ के रूप में सारे संसाधनों पर भारी दबाव के रूप में स्पष्ट हो रही है। इतनी बड़ी आबादी विकास की हर नीतियों के लिए समस्याएं खड़ी करती है। जिससे समाज में अनेकों समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। भारत की जनसंख्या जोसन् 1951 में 361. 08 मिलियन थी वह बढ़कर 1210.57 मिलियन हो गयी है।

राम जी राय, बयालसी डिग्री कॉलेज जलालपुर, जौनपुर (उ0प्र0) ने अपने शोध पत्र ''जनसंख्या गत्यात्मकता : एक भौगोलिक विश्लेषण'' में कहा कि किसी भी क्षेत्र विशेष का विकास सम्बन्धित क्षेत्र में उपलब्ध संसाधन व जनसंख्या गुणवक्ता पर निर्भर करती है।सदि जनसंख्या उपलब्ध संसाधन के अनुकूल नहीं है तो क्षेत्र विशेष का विकास असंभव है। इस प्रकार किसी भी क्षेत्र के विकास का सटीक अनुमान लगाने मे जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन महतवपूर्ण है।जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं के अन्तर्गत जनसंख्या परिवर्तन के महत्वपूर्ण पहलु है।जनसंख्या परिवर्तन का सामान्य अर्थ किसी क्षेत्र विशेष में निश्चित समय के साथ जनसंख्या में परिवर्तन को प्रकट करता है। जनसंख्या वृद्धि की गणना प्रायः दस वर्षों में की जाती है जो दो जनगणना के बीच की अवधी है। यह वृद्धि या परिवर्तन धनात्मक व ऋणात्मक दोनों हो सकती है। भारत के सन्दर्भ में जनसंख्या वृद्धि का अर्थ धनात्मक ही है। सिकन्दरपुर तहसील उ0प्र0 के सुदूर पूर्वी

जनपद बलिया के उत्तर में स्थित है। सिकन्दरपुर तहसील की 2001 तथा 2011 के जनगणनानुसार क्रमशः 3,77,297 तथा 3,92,802 है। इस प्रकार जनसंख्या में परिवर्तन (निरपेक्ष जनसंख्या परिवर्तन) में 15,505 है। सिकन्दरपुर तहसील का लिंगानुपात 2001 तथा 2011 में क्रमशः 998 तथा 960 है। इस प्रकार लिंगानुपात में 38 की कमी आयी है। सिकन्दरपुर की साक्षरता दर 2001 तथा 2011 में क्रमशः 56.3% तथा 71.12% रही।

डॉ0 रेखा नौटियाल, सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग, एसडीएम राजकीय स्नातकोत्तर कॉलिज, डोईवाला, देहरादून ने अपने शोध ''जनसंख्या वृद्धि एवं समाजिक समस्याएं'' में कहा कि आज जनसँख्या वृद्धि एक अन्तराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। सही अर्थों में आज जनसँख्या वृद्धि विस्फोट के स्तर तक पहुँच चुकी है। जिस पैमाने पर भारत की जनसँख्या बढ रही है, वह दिल को दहलाने वाला है। इस समस्या से अनेकों समस्याओं की उत्पत्ति हुई है। जनसँख्या वृद्धि हमारे देश के समक्ष बेरोजगारी, खाद्य समस्या, कुपोषण, प्रति व्यक्ति आय, गरीबी, मंहगाई, कृषि विकास में बाधा, पूंजी में कमी, शहरी क्षेत्रों में घनत्व जैसी ढेर सारी समस्याओं को उत्पन्न कर चुका है। किसी भी देश की वर्तमान स्थिति का आकलन आर्थिक विकास और जनसँख्या के हिसाब से ही तय किया जाता है। ये दोनों ही एक राष्ट्र के विकास के कारक माने जाते हैं। भारत आर्थिक एवं मानवीय विकास की दौड में मुख्य रूप से इसलिए पिछड रहा है, क्योंकि यह अपनी जनसँख्या की वृद्धि को सीमित कर पाने में बहुत अधिक प्रगति का प्रदर्शन नहीं कर पाया। आज जनसँख्या वृद्धि एक अन्तराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है, जिसका निराकरण अगर समय रहते नहीं किया गया तो मानव जीवन का अस्तित्व निश्चित रूप खतरे में है। अतः समय रहते जनसँख्या वृद्धि को नियन्त्रित करना अत्यन्त आवश्यक हो गया है।

जनसँख्या वृद्धि

अनियन्त्रित जनसँख्या वृद्धि देश की आर्थिक वृद्धि दर और सामाजिक संतुलन दोनों को नकारात्मक ढंग से प्रभावित करती है। लगभग 121 करोड (सन् 2011 में) की जनसँख्या के साथ भारत विश्व की कुल जनसँख्या के लगभग 17.5 प्रतिशत के बराबर है। यह सम्पूर्ण विश्व में 134.1 करोड (2010 में) की जनसँख्या वाले देश चीन के बाद मात्र भारत दूसरा सबसे बडा देश है। भारत की जनसँख्या जिस तरह से तीव्र गति से बढ रही है, वह चौंकाने वाला है। भारत की मौजूदा आबादी के 1 अरब 21 करोड है। 2001 से 2011 में भारत की जनसँख्या 17.6 प्रतिशत की दर से 18 करोड बढी है।

रितेश कुमार सिंह ने अपने लेख ''भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणो का एक अध्ययन'' में बताया कि भारत जैसे विकासशील देश में बढती जनसंख्या पर नियन्त्रण

पाना अत्यन्त ही आवश्यक है अन्यथा इसके परिणामस्वरूप देश में अशिक्षा, गरीबी, बीमारी, भूख, बेरोजगारी, आवासहीनता जैसी केई समस्याएँ उत्पन्न होगी और देश का विकास अवरुद्ध हो जाएगा। अतः जनसंख्या को नियन्त्रित करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों के साथसाथ देश के प्रत्येक नागरिक को इस विकट समस्या से लड़ना होगा समाजसेवी संस्थाओं की भी इस समस्या के समाधान हेतु महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। आज अन्ध परम्पराओं पर प्रतिबन्ध लगाने की आवश्यकता हैबालविवाह एवं बहुबिवाह पर कानूनन प्रतिबन्ध तो लगाया जा चुका है, परन्तु आम नागरिकों द्वारा भी इन कुरीतियों को किसी कीमत पर बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए।जनसंख्या वृद्धि रोकने हेतु शिक्षा का व्यापक स्तर पर प्रचारप्रसार अति आवश्यक है। महिलाओं के शिक्षित होने से विवाह की आयु बढ़ाई जा सकती है, प्रजनन आयु वाले दम्पतियों को गर्भ निरोधक स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया जा सकता हैउन्हें छोटा परिवार सुखी परिवार की बात समझाई जा सकती है।

सुनील कुमार पाण्डेय, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0) ने अपने शोध पत्र ''वैदिक चिंतन में जनसंख्या और पर्यावरण'' में कहा कि भारतीय समाज को सांस्कृति तथा समाज का आधार अत्यधिक प्राचीन है। अनेकोनेक भारतीय सामाजिक संस्थाओं का विकास वैदिक युग में हो गया था। वैदिक युग में वर्ण व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, विवाह, धर्म, कर्म आदि का उद्‌भव एवं विकास हुआ, अपितु भारतीय समाज को आधार प्रदान किया। समाज में श्रम विभाजन हेतु चार वर्णों– ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र की रचना की गई। इसी प्रकार पुरूषार्थों की प्राप्ति हेतु मनुष्य की आयु सौ वर्ष मानकर चार आश्रमों– ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास में विभाजित किया गया। धर्म और कर्म को भी भारतीय संस्कृति में प्रमुख स्थान दिया गया है। धर्म और कर्म के अनुसार कार्य करने पर ही मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है, जो मानव जीवन का प्रमुख उद्‌देश्य है। इस प्रकार आश्रम व्यवस्था, वर्ण व्यवस्था, धर्म और पुरूषार्थ भारतीय समाज को न केवल आधार प्रदान करते हैं अपितु दिशा–निर्देशित भी करते हैं।

भारत संसाधनों की दृष्टि से परम्परागत रूप से धनी देश रहा है लेकिन विडम्बना यही है कि जब भारत आजाद हुआ तो निर्धनता उसे विरासत में मिली। जबकि भौतिक संसाधनों के रूप में अनेको नदियां, पहाड, जंगल, मैदान, समुद्र एवं भिन्न–भिन्न प्रकार की जलवायु जिसमें भारतीय जनमानस के उपयोग हेतु अधिकांशतया सभी अनाजों के उत्पादन की भरपूर क्षमता है। जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि खाद्यान्न

उत्पादन में भारत आत्मनिर्भर देश रहा है जिस कारण भारत को कृषि प्रधान देश माना जाता है। इसके अलावा भिन्न–भिन्न प्रकार की खद्‌ानें (लोहा, अभ्रक, कोयला, हीरा आदि), भारत का तीन और से समुद्र से घिरा होना जो भारत को विश्व के अन्य देशों से व्यापार एवं अन्य उददे्श्य से जोडनें के मार्ग खोलता है में मदद् करता है। ऊर्जा के स्रोंत के रूप में कोयला के साथ–साथ समुद्र में कच्चे तेल के स्रोतों की सम्भावनाऐंव कच्चे माल की भरपूर मात्रा में उपलब्धता होने के कारण उद्योंगो एवं लघु उद्योंगो के विकास के लिए वातावरण व इन उद्योंगो के माल की बिक्री के लिए बाजार के रूप में उपलब्ध जनसंख्या, इतना ही नहीं सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी परम्परागत रूप से भारत एक सम्पन्न राष्ट्र रहा है।सम्पन्नता को पैमाना मनुष्य की मानसिक दशा पर निर्भर करता है। वर्तमान समय की अपेक्षा पहले भारत के लोग तनाव मुक्त जीवन जीने व उनके जीवन में प्रसन्नता ज्यादा थी। इसी का प्रमाण है कि भारत की सम्पन्नता को क्षति पहुंचाने के लिए विदेशियों ने बारी–बारी से आक्रमण कर अपना आधिपत्य एवं शासन स्थापित कर यहां की जनता पर अपनी विचारधारा थोंपी। जिस कारण भारत की आत्मनिर्भरता, सम्पन्नता एवं श्रेष्ठता को समय–समय पर खंण्डित किया गया, व भारत को शासक से शासित बनाकर उसके संशाधनों का अपने हितों के लिए भरपूर मात्रा में उपभोग किया।

विदेशी शासन एवं लूट–356 ईसा पूर्व भारत पर आक्रण करने वाला ग्रीक शासक बैक्ट्रिया था। फिर उसके बाद यूनानी, शक, कुषाण, हूण, अरब–ईरानी शासक जिसमें मोहम्मद बिन कासिम, तुर्क जिसमें महमूद गजनवी व मोहम्मद गौरी, गुलाम वंश जिसका शासक कुतबुददीन ऐबक, खिलजी वंश, लोदी वंश, पुर्तगालियों का शासन, डच, फ्रांसिसी आदि के बाद ब्रिट्रिश शासन ने 200 वर्षों तक शासन किया। 15 अगस्त 1947 में आजाद होने के बाद भारत में व्याप्त भारी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी देश की आजादी का उपहास उड़ा रही थी। एक तरफ भारत देश के अन्दर व्याप्त इन समस्याओं से जूझ रहा था तो दूसरी और भारत विभाजन के कारण भारत–पाकिस्तान युद्ध होना व युद्ध की स्थिति बनी रहना था। जिसका फायदा पडोंसी देश चीन ने भी उठाना शुरू कर दिया, ओर 1962 में भारत को चीन से हार का सामना करना पडा। हालांकि देश में बढती गरीबी और बेरोजगारी की समस्या को कम करने के प्रयास प्रधानमंत्री नेहरू द्वारा शुरू कर दिये गये लेकिन चीन से युद्व के बाद भारत सरकार को गरीबी हटाओं एवं हर हाथ को काम देना प्राथमिकता पर रहा। जिसके अन्तर्गत बडे ओर लघु उद्योगों को स्थापित किया गया व उस समय के उद्योगपतियों को भी उद्योग धन्धें लगाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे देश की अधिकांश जनता को काम दिया जा सके। भारत के इन उद्योगों के

सामने समस्या यह थी कि एक तरफ देश की ज्यादा से ज्यादा जनता को रोजगार देना व दूसरी तरफ बाजार में व्याप्त प्रतियोगिता। भारत को अपनी जनता की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विश्व के दूसरे देशों पर निर्भर होना पडा, साथ ही भारतीय उद्योंगो द्वारा निर्मित माल का खर्च बिट्रेन आदि देश द्वारा तैयार माल से सस्ता पडता था क्योकि उसके पास नई तकनीकि युक्त मशीनें होने के कारण कम खर्च पर अधिक उत्पादन करता था। अतः भारतीय उद्योंगो द्वारा तैयार माल की लागत अधिक आती थी। एक महत्वपूर्ण कारण यह भी रहा कि भारत विदेशी ताकतों से कई सदियों बाद आजाद हुआ लेकिन आजाद होने के बाद भी भारतीयों का विदेशी वस्तुओं के प्रति आकर्षण बना रहा जो समाज में प्रतिष्ठा, भव्यताएवं विशिष्टता था।भारत राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से तो आजाद हो गया लेकिन आर्थिक, तकनीकि, सैन्य संसाधनों की दृष्टि से साम्राज्यवादी देशों के प्रभाव से प्रभावित रहा। क्योंकि विश्व के शक्तिशाली देशों ने यहां की जनसंख्या के कारण भारत को बाजार के रूप में प्रयोग किया।

कु० ऊषा अपने शोध पत्र ''जनसंख्या वृद्धि का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का अध्ययन'' में बताया कि किसी भी देशकी अर्थव्यवस्था पर उस देश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन का महत्वपूर्ण प्रभाव रहता है। जिस देश में प्राकृतिक संसाधन जितनी अधिक मात्रा में उपलब्ध होते हैं वह देश उतना ही अधिक सम्पन्न होता है। अनुकूलत्म जनसंख्या वह होती है जहाँ जनसंख्या उस देश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के बराबर होती है लेकिन भारत के सन्दर्भ में कहा जाता है कि'भारत प्राकृतिक दृष्टि से एक धनी देश है लेकिन यहाँ के निवासी निर्धन है'भारत में प्राकृतिक संसाधन जैसे– भौगोलिक स्थिति, मानव पूँजी, जल संसाधन, वन सम्पदा, जलवायु, खाद्य–पदार्थ, खनिज आदि की दृष्टि से सम्पन्न देश है परन्तु जनसंख्या की अधिकता के कारण आश्रितों की अधिक संख्या, निम्न प्रति व्यक्ति आय, निम्न राष्ट्रीय आय, शिक्षा का निम्न स्तर, स्वास्थ्य का निम्न स्तर आदि हैं।

भारत में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन,जनसंख्या की अधिकता के कारण "ऊँट के मुँह में जिरा" के समान प्रतित होता है।

डॉ० विद्या वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय, मदरहुड विश्वविद्यालय, रूड़की द्वारा प्रस्तुत अपने शोध पत्र ''पर्यावरण एवं जनसंख्या'' में बताया गया कि यह सर्व विदित है कि पृथ्वी ही एक मात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है। इस धरा पर न जाने कितने प्रकार के जीव–जंतु, पेड़–पौधे, कीट–पतंग आदि निवास करते हैं और अपना भरण–पोषण करते हैं। विकास

के प्रारंभिक चरण से ही सभी जीव ने जिसमें मनुष्य भी है सर्वप्रथम प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने तथा उसके साथ अनुकूल होने का प्रयास किया। इसके बाद अपने स्वार्थ और अपने इच्छा की पूर्ति के लिए प्रकृति में परिवर्तन लाने की कोशिश की। मनुष्य का आदिकाल से ही प्रकृति एवं प्राकृतिक पर्यावरण के साथ अटूट संबंध रहा है, लेकिन यही मनुष्य अपनी बढ़ती हुई जरूरत की पूर्ति के लिए क्रूरता पूर्वक पेड़ पौधे जंगलों को काट रहा है। दिन प्रतिदिन विकास के नाम पर कल कारखाने, सड़क, भवन, बहुमंजिला इमारतें आदि बना रहा है जिससे प्रकृति में असंतुलन उत्पन्न होने लगा है। मानव की प्रकृति ऐसी हो गई है कि वह हर चीज पर अपना नियंत्रण यानि की अपना स्वामित्व रखना चाहता है, चाहे वह हमारा पर्यावरण ही क्यों ना हो। आधुनिकता के नाम पर वह प्रकृति का शोषण कर रहा है। मनुष्य ने अपने ही हाथों से अपनी महत्ता को समाप्त कर दिया है। जबकि विकास निरंतर तभी हो सकता है जब हम पर्यावरण के साथ अनुकूलन बनाए रखें जिस तरह से मनुष्य को जीवित रहने के लिए भूमि यानी पृथ्वी की आवश्यकता है उसी प्रकार इस पृथ्वी के सभी जीव–जंतु पेड़–पौधे प्रकृति के महत्वपूर्ण अंग है। इसमें से एक की भी कमी हो जाए तो उसका प्रभाव अन्य जीव–जंतु, पेड़–पौधे पर पड़ेगा जिससे प्रकृति असंतुलित हो जाएगी यानी कि हमारा पारितंत्र प्रभावित होगा। किसी भी देश का विकास वहां के प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर करता है अगर देश की आबादी अधिक होगी तो लोगों का जीवन स्तर निम्न हो जाएगा जिससे बेकारी बेरोजगारी उत्पन्न होगी, औद्योगिक उत्पादन में कमी होने लगेगी एवं लोगों को संतुलित या पर्याप्त भोजन ना मिलने पर उसकी मानवीय शक्ति क्षीण होगी और फिर इससे राष्ट्रीय शक्ति क्षीण होगी। महात्मा गांधी ने कहां था प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करती है, किंतु हमारे लालच को नहीं। आज हमारे लालच के आगे प्रकृति विवश है और यही कारण है कि हमें इतनी सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

